वर्ष- 21 अंक - 286 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

इंदौर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

# दो-तीन हफ्ते में बड़ा हमला करेंगे

## ट्रंप ने कहा - ईरान से कोई डील नहीं, उसे परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे

### ईरान की नौसेना और वायुसेना के साथ उसके सभी बड़े नेता खत्म हो गए

गुरुवार ● एजेंसी

ईरान से जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आज राष्ट्र याने अमेरिका को संबोधित किया। उन्होंने ऐलान किया कि यह जंग अभी रूकेगी नहीं। अगले दो-तीन हफ्तों में बड़ा कदम उठाएंगे। ईरान से कोई डील नहीं होगी। ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के सभी नेताओं के साथ ईरान की नौसेना और वायु सेना भी खत्म हो गई है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला तो हम ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला करेंगे और जरूरत पड़ने पर ईरान के तेल ठिकानों को भी निशाना बनाएंगे। ट्रंप ने कहा कि हमें होर्मुज मार्ग से तेल की जरूरत नहीं है। अमेरिका ने इस युद्ध में बढ़त हासिल कर ली है। ईरान को गलत काम की सजा मिल रही है। इस सबके बावजूद कूटनीतिक रास्ते और बातचीत जारी है।



### ट्रंप के ऐलान से शेयर बाजार तबाह
## 10 लाख करोड़ स्वाहा

गुरुवार ● एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आज युद्ध जारी रखने का जो ऐलान किया उससे शेयर बाजार तबाह हो गया। आज सेंसेक्स में 1500 अंक से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। जबकि निफ्टी में भी 450 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण निवेशकों के 10 करोड़ रुपए डूब गए। ट्रंप के ऐलान से कच्चे तेल में भी आग लग गई और कच्चा तेल 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। इसका असर भारत पर भी पड़ेगा और यहां भी पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है। ट्रंप के ऐलान के बाद डॉलर और मजबूत हो गया। जबकि चांदी के भाव में 13000 की और सोना के भाव में करीब 2200 रुपए की गिरावट आई।




### *तेल में लगी आग, सोना-चांदी में बड़ी गिरावट*

### ट्रंप के संबोधन का ईरान ने मिसाइलों से दिया जवाब
### *ऐमेजॉन के डेटा सेंटर पर हमला*

गुरुवार ● एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय संबोधन के तुरंत बाद ईरान ने मिसाइल हमले कर दिए। इजरायली सेना के मुताबिक, ट्रंप का भाषण खत्म होते ही ईरान की तरफ से मिसाइल लॉन्च का पता चला। ईरान ने बहरीन में ऐमेजॉन के डेटा सेंटर पर भी हमला किया। ईरान ने अमेरिकी टेंक कंपनियों पर हमला करने की चेतावनी दी थी।

### खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को बताया बेरहम

**तेहरान.एजेंसी।** ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल को बेरहम दुश्मन बताया है। खामेनेई ने शजरेह तैयबा स्कूल पर हुए हमले की निंदा की, जिसमें 175 से ज्यादा लोग मारे गए। उन्होंने मिडिल-ईस्ट में इजरायल विरोधी ताकतों का समर्थन जारी रखने का भी ऐलान किया।

### चुनाव अधिकारियों को घेरा
### 100 से ज्यादा गाड़ियां फोड़ीं

**मालदा.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा में सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट को लेकर विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया, जहां उग्र भीड़ ने चुनाव अधिकारियों के काफिले पर हमला कर दिया और करीब 100 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। सात अधिकारियों को घेरने की कोशिश हुई, लेकिन पुलिस ने देर रात उन्हें सुरक्षित निकाल लिया। करीब 22 लाख वोटरों के नाम सूची से हटाए जाने के विरोध में लोग सड़कों पर उतरे थे। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव ऑफिस घेर लिया। करीब 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर घंटो अंदर बंद रहे। इस बीच कुछ लोगों ने बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। देर रात तक हंगामा चलता रहा, बाद में पुलिस की सुरक्षा में चुनाव अधिकारियों को सुरक्षित जगह ले जाया गया।

### मजदूरी पर जा रहीं महिलाओं को ट्रक ने रौंदा, 8 की मौत

जालना ● एजेंसी

महाराष्ट्र के जालना में समृद्धि महामार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूरी पर जा रही महिलाओं को कुचल दिया जिससे 8 महिलाओं की मौके पर मौत हो गई और पांच लोग गंभीर घायल हुए। हादसा उस समय हुआ जब मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा हाथी पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े मजदूरों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 8 महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उधर उत्तरप्रदेश के रामपुर में बस से समान उतार रहे हेल्पर और सवारियों को टाटा मैजिक ने रौंद दिया जिससे दो की मौत और तीन घायल हो गए।

### नीतीश को झेड प्लस सुरक्षा, 10 को राज्यसभा की शपथ लेंगे फिर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे

**पटना.एजेंसी। राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने विधान परिषद् की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अब बिहार सरकार ने उन्हें झेड प्लस सुरक्षा देने का ऐलान किया है।**



यह भी खबर है कि नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। इसके लिए वे 8 या 9 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगे। शपथ के बाद वे 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा दे सकते हैं।

### रणजीत हनुमान मंदिर



## आज श्री हनुमान जन्मोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

देशभर में आज हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इन्दौर के रणजीत हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। सुबह 6 बजे हनुमानजी की जन्म आरत की गई। देर रात तक आज धार्मिक आयोजन होंगे। रणजीत हनुमान मंदिर पर हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया और केशरिया महल भी सजाया गया।

### भूकंप से कई इमारतें जमींदोज, महिला की मौत, सुनामी का अलर्ट

**जकार्ता.एजेंसी।** इंडोनेशिया में आज सुबह-सुबह 7.4 की तीव्रता का भूकंप आया जिससे धरती कांप उठी। डर के मारे लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटकों से कई इमारतें धराशायी हो गई। एक महिला के मारे जाने और कई के घायल होने की खबर है। भूकंप के कारण समुद्र में ऊंची लहरें उठने लगीं, जिसके कारण यहां भूकंप का अलर्ट जारी करना पड़ा।

### बेमौसम बारिश से आम की फसल खराब

**जालना.एजेंसी।** महाराष्ट्र के जालना जिले में एक बार फिर मौसम की मार ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तेज आंधी, बारिश और पहले हुई ओलावृष्टि के चलते आम के बागानों में बड़े पैमाने पर फल गिरावट हुई है। कई किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### भगदड़ मामले में मंदिर के चार पुजारी अरेस्ट

**नालंदा.एजेंसी।** बिहार में नालंदा के शीतला मंदिर भगदड़ मामले में 20 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। मंदिर के 4 पुजारियों को अरेस्ट किया गया, जिन पर आरोप है कि उन्होंने महिलाओं पर डंडे बरसाए जिससे भगदड़ मची और कई महिलाओं की मौत हो गई।

### उर्वरक कंपनियों को राहत 40 पेट्रोकेमिकल पर भी छूट

**गुरुवार.एजेंसी।** अमेरिका-ईरान जंग के बीच केंद्र सरकार ने उर्वरक कंपनियों को अमोनियम नाइट्रेट पर कस्टम ड्यूटी में छूट का ऐलान किया है। इसी तरह 40 पेट्रोकेमिकल रॉ मटेरियल इंटरमीडिएट्स के आयात पर भी कस्टम ड्यूटी को भी खत्म कर दी।

# बढ़ी गाइड लाइन के विरोध पर न्याय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि अनाप-शनाप सम्पत्ति रजिस्ट्री में गाइड लाइन बढ़ाने का विरोध चौतरफा हो रहा था। अधिवक्ताओं ने भी आवाज प्रमाण के साथ उठाई थी। यह भी बताया था कि गाइड लाइन बनाने में किस तरह का भेदभाव और मनमानी की गई है। इसके एवज में कुछ लोगों ने क्षणिक विरोध भी जताया, आक्रोश भी दिखाया और ज्ञापन देकर बस इतिश्री कर ली। अधिवक्ताओं के विरोध के बाद आखिरकार जिला मूल्याकनं समिति को सही निर्णय लेने को विवश होना पड़ा। बहुत-सी जगह अनाप-शनाप गाइड लाइन बढ़ा दी गई थी जिसमें साफ दिख रहा था उसमें सीधे-सीधे चुनौती दिख रही थी और अधिवक्ताओं ने लड़ाई भी लड़ी। खुडैल बुजुर्ग गांव की केतकर तोतला इंडस्ट्रीयल पार्क कालोनी की गाईड लाईन सीधे-सीधे 10000 रु. वर्गमीटर की गई जबकि आस पास की कालोनी की 3600 से 4200 तक थी। विरोध हुआ तो दो बार जिला मूल्याकनं समिति ने गाईडलाइन कम करने का प्रस्ताव केंद्रीय मूल्याकंन समिति को भेजा, केंद्रीय मूल्याकंन समिति ने सवाल जवाब किया समय आखिरी था तो अदालत गया मामला सरकार ने 2026-2027 की गाईडलाइन में कालोनी का भाव 4200 करने की बात रखी और कल जो गाईडलाइन लागू हुई उसमें भाव 4200 रु. वर्गमीटर है। सिमरोल गांव में बन रही कालोनी संस्कृति लेडमाक की कहानी है एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई थी। कालोनी अन्य कालोनियों से अंदर थी जहां अचेरा फार्म, हाउस, अचेरा पाम, गीन्स आदि के भाव 6500 से 8000 तक ही रखे गए थे, जबकि सब विकसित कालोनी एवं खंडवा रोड पर स्थित थी तो वह अंदर,, पक्षपात खिलाफ खरीददार एवं बेचवाल लडे, एक भी रजिस्ट्री तब तक नहीं करने की धौंस दी और विभाग की पोल ऊपर तक ले गए। आखिरकार 2026-2027 की गाईडलाइन में इन कालोनियों के भाव 10000 से लेकर 13000 तक किए गए और संस्कृति लेंडमार्क का भाव यथावत रखा गया। 10000 लडाई जीत में बदली, दो अन्य जगहों पर भी मामले ऐसे ही रहें तो सराफा बाजार एवं अन्य जगहों पर सुधार किया गया। गाईडलाइन बनाने में खेल होता है सिद्ध हुआ और सवालिया निशान खड़े हुए हैं इन क्षेत्रों के उपपंजीयक एवं जिला पंजीयक पर सवालिया निशान खड़े हो चुके हैं। तथ्यात्मक जानकारी ऊपर तक बार बार पहुंची है। सबसे अहम् भूमिका खरीददारों ने निभाई तो बेचवाल ने अपने आर्थिक स्थिति की परवाह नहीं की तो वकील ने भी तमाम सबूत जुटाकर जिला मूल्याकंन समिति को आईना दिखाया।

# कांग्रेसियों ने दिया सांवेर प्रशासन को ज्ञापन

## गेहूं की तुलाई देरी से होने का विरोध, बढ़ते गैस के दाम और संभावित डीजल-पेट्रोल की किल्लत के लिए भी उठाई आवाज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल, जिला कोषाध्यक्ष हितेश हनी यादव ने बताया कि जिला कांग्रेस ने सांवेर तहसील कार्यालय में प्रदर्शन कर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की मौजूदगी में ज्ञापन दिया। लगातार किसान अपनी गेहूं की फसल की तुलाई को लेकर परेशान है। सरकार तुलाई की तारीख लगातार आगे बढ़ा रही है। इधर गैस टंकियों के बढ़ते दाम और टंकियों की किल्लत के अलावा आगामी दिनों पेट्रोल-डीजल के संभावित दाम बढ़ने का भी विरोध दर्ज कराया। केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई बढ़ रही है। इसके विरोध में जिला कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सांवेर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं को तत्काल समाधान करने की मांग की गई। डॉ. दौलत पटेल, हितेश हनी यादव, श्याम सोनी, सूर्यकुमार, दिनेश पटेल, शंकर परमार, सलीम पटेल, श्रवण जैन, प्यारे मिया, विकास सोनी, जीतू कुमावत, रितेश दरबार, भूपेन्द्र गुर्जर, रामेश्वर पटेल, सुभाष चौधरी, सोहन पटेल, श्रवण जैन, ध्रुव अवस्थी, संजय शर्मा, रितेश दरबार, राहुल गहलोद, राजेन्द्र परमार, जितेन्द्र सिसोदिया, जीतू कुमावत, मनोहर पटेल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने दिल्ली में प्रभारी और केन्द्रीय मंत्रियों के साथ की चर्चा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अलावा प्रदेश के कुछ सांसद जिनमें वीडी शर्मा भी थे। इन्होंने प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह से दिल्ली में मुलाकात की। सामूहिक और व्यक्तिगत चर्चा भी मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने की। प्रदेश में विकास, अलग-अलग अंचल के मुद्दे, भावी योजना को लेकर भी चर्चा हुई। केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, डॉ. एल मुरुगन, दुर्गादास उइके से भी मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने भेंट की। संबंधित केन्द्रीय मंत्री के विभाग द्वारा प्रदेश में विकास को लेकर भी चर्चा हुई।

# भाजपाई घर-घर फहराएंगे भाजपा का ध्वज



## स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय को भी विद्युत और पुष्प सज्जा से सजाया जाएगा, रंगोली भी उकेरेंगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा अपना स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाने जा रही है, इस दिन के उत्सव को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कल कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय में बुलवाई। सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और वरिष्ठों की मौजूदगी में तय किया गया कि 6 अप्रैल स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर पार्टी ध्वज लगाएंगे, झंडा फहराएंगे, मंडल पदाधिकारियों से लेकर वार्ड और बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। हर मंडल में स्थापना दिवस के आयोजन होंगे। भाजपा कार्यालय को विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया जाएगा। स्थापना दिवस पर रंगोली भी कार्यालय में उकेरी जाएगी। सुबह 9 बजे से आयोजन होगा, सभी भाजपाइयों की मौजूदगी में ध्वज फहराया जाएगा, मिठाई वितरित होगी। सुमित मिश्रा, तुलसी सिलावट, पुष्यमित्र भार्गव, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड़, गोपीकृष्ण नेमा, सुदर्शन गुप्ता, आलोक दुबे, नन्दकिशोर पहाड़िया, भूपेन्द्र केसरी, नितिन शर्मा, कंचन गिदवानी, गुलशन यादव, वरुण पाल, रितेश शर्मा, निधि बंग, शिवानी अड़सपुरकर, सौरभ खंडेलवाल, सुखविंदर मन्नी भाटिया, राजा कोठारी, दीपेश पचोरी, दीपांश खंडेलवाल, आकाश गर्ग रानू, हेमराज वाडिया, विशाल यादव, सचिन बंसल, नारायण पालीवाल, इंदु श्रीवास्तव, मंजु ठाकुर, नेहा शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपाइयों की मौजूदगी में अयोध्या से जुड़े कलाकारों का सम्मान

## 'समर्पण के प्रतीक महावीर' कार्यक्रम में राष्ट्र संत का उदबोधन, मुख्यमंत्री वर्चुअल जुडे



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सार्थक के प्रमुख दीपक जैन 'टीनू' ने महावीर स्वामी और हनुमान जयंती की संधि बेला पर आध्यात्मिक समागम का आयोजन करवाया। राष्ट्र संत आचार्य लोकेश मुनि ने सार्थक उदबोधन भी दिया। आयोजन से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वर्चुअल जुडे थे और उन्होने आयोजन को गरिमामय पहल बताया। 'समर्पण के प्रतीक महावीर' कार्यक्रम में अयोध्या से जुड़े कलाकारों का सम्मान भी किया गया। संत ने कहा कि हमें अंग्रेजों द्वारा थोपी गई गुलामी के चिन्हों को कैसे समाप्त किया जाए, इस पर विचार करना होगा। सज्जनों का बिखराव ही दुर्जनों की शक्ति होती है। जितने राष्ट्र प्रेमी लोग हैं उन्हें हम एकजुट कर लेंगे तो कारवां बढ़ता चला जाएगा और भारत माता एक बार फिर विश्व के सर्वोच्च सिंहासन पर विराजित हो सकेगी। बडी संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी थे। राष्ट्र संत गोविन्द देव गिरि महाराज ने रवीन्द्र नाट्यगृह में उदबोधन दिया। मूर्तिकार प्रशांत पांडे, मनीष त्रिपाठी का सम्मान भी किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, डॉ. निशांत खरे, मालिनी गौड, जीतू जिराती, श्रवणसिंह चावडा, प्रकाश दवे,अजय मलमकर, प्रकाश जैन भटेवरा, अनिल भंडारी, वीएस कोकजे मौजूद थे। बडी संख्या में अलग-अलग समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। दुबई में भारतीय को सेवा देने वाले धीरज जैन का सम्मान किया गया।



## भाजपा प्रकोष्ठ के संयोजक का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विशाल सिंह बघेल के नगर आगमन पर उनका स्वागत कर उनको ज्ञापन भी सौपा गया। उक्त जानकारी डॉ. आरएन मिश्रा ने दी।

## विधानसभा अध्यक्ष का रेलवे स्टेशन पर स्वागत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर ने कल पत्रकारों के कार्यक्रम में खरगोन में शिरकत की थी और कल शाम वे इंदौर पहुंचे और यहां से वे रेल के माध्यम से ग्वालियर के लिए रवाना हुए, स्टेशन पर पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, निरंजनसिंह चौहान, महेश ढालिया, मोहित वर्मा, सेम पावरी, अजय सिंह पंवार सहित अन्य ने स्वागत किया।

# जैन समाज का जल्दी भोजन बंद करने का मामला बना सुर्खियों में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद ने महावीर जयंती 30 मार्च की दोपहर को बड़ा जुलूस शहर के मध्य निकाला था और शाम को कलश क्रे साथ संत के प्रवचन भी हुए थे और उसके बाद यात्रा और आयोजन में आए दिगम्बर जैन समाजजनों के लिए सूर्यास्त पूर्व दो जगह भोजन की व्यवस्था की गई थी, एक व्यवस्था कार्यक्रम स्थल हुकुमचंद मार्ग इतवारिया बाजार में और दूसरी भोजन व्यवस्था खालसा कॉलेज राजमोहल्ला में की गई थी।**

दोनों ही जगह पार्किंग की व्यवस्था को लेकर भी जैन समाजजनों ने दिक्कत का सामना किया और जुलूस कलश के बाद जिन जैन समाजजनों ने जल्दी भोजन ले लिया वे ठीक रहे। इधर दो दिनों से जैन समाज का सोशल मीडिया दोनों जगह भोजन जल्दी बंद करने या समाप्त होने का मुद्दा उठा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लिखा गया कि हुकुमचंद मार्ग इतवारिया बाजार में 2500 जैन समाजजनों का भोजन बनवाया था, जो 5.15 बजे शुरू हुआ और 6.15 बजे के पहले बंद हो गया, क्या 1 घंटे में 2500 जैन समाजजनों ने भोजन कर लिया था। यही स्थिति खालसा कॉलेज राजमोहल्ला की भी रही। वहां भी करीब 6.15 बजे भोजन बंद कर दिया गया था जबकि सूर्यास्त और देरी से हुआ था। इधर लोगों ने प्रश्न उठाया कि दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद ने जिन लोगों को दोनों जगह की अलग-अलग व्यवस्था दी थी उन्होंने भी इस ओर पूरी तरह ध्यान नहीं दिया, जिससे यह अव्यवस्था हुई और लोगों को 6.15 बजे के बाद बगैर भोजन किए ही जाना पडा। कुछ लोगों ने घर जाकर तो कुछ लोगों ने बाजार में भोजन ग्रहण किया। खासतौर पर वह लोग परेशान हुए जो सूर्यास्त पूर्व भोजन करते हैं. वे भूखे ही रहे जिन्होंने भोजन ग्रहण नहीं किया वे व्यक्तिगत आरोप भी लगा रहे हैं, तो सोशल मीडिया पर जमकर भोजन को लेकर लिखा जा रहा है और यह भी लिखा कि जिनको जवाबदारी दी थी वे कसौटी पर खरे नहीं उतरे, कुछ लोगों ने यह भी लिखा कि पिछले साल की तुलना में भोजन के काउंटर खालसा कॉलेज में कम लगे थे, तो कुछ लोगों का कहना है कि उन्होंने भोजन के लिए आर्थिक सहयोग किया था वे भी भूखे रहे, साथ ही कई दानदाताओं ने भोजन जल्द बंद करने या समाप्त करने पर नाराजगी जाहिर की और जिन्हें जवाबदारी दी गई थी उनकी गैर जवाबदारी पर भी नाराजगी व्यक्त की। यह भी कहा कि इतना रुपया एकत्रित होने के बाद एक घंटे से भी कम समय के लिए भोजन की व्यवस्था करना गलत है, भोजन जल्दी बंद करने पर कुछ लोगों ने दानदाताओं को भी कोसा। सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा भोजन जल्द बंद होने या समाप्त होने की बनी रही।

# दूध की सप्लाई बाधित होने का आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोती सिंह पटेल ने बताया कि दुग्ध वितरक द्वारा भुगतान नहीं करने के कारण धार क्षेत्र में दूध सप्लाई नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि वितरक की लापरवाही या गलती हो सकती है, लेकिन इसकी सजा धार जिले के दूध रिटेलर एवं उपभोक्ताओं को क्यों मिलनी चाहिए? उनकी क्या गलती है? राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की नाकामी के कारण धार क्षेत्र में आज सुबह उपभोक्ताओं को दूध नहीं मिला। बीते 1 वर्ष से इंदौर सहकारी दुग्ध संघ का संचालन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड कर रही है, जिसके कारण दुग्ध संघ में व्यवस्थाएं बिगड़ रही हैं। पटेल ने कहा कि वितरक द्वारा अगर एडवांस भुगतान नहीं किया गया है, तो इंदौर दुग्ध संघ मैनेजमेंट की यह जवाबदारी बनती है कि रिटेलर और उपभोक्ताओं तक दूध पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुग्ध संघ ने सुपर स्टाकिस्ट को हटाकर इंदौर शहर में बिना टेंडर प्रक्रिया के मात्र 2 लाख रु. की अमानत राशि लेकर डिस्टीब्यूटर बना दिए, जबकि धार में सम्पत फर्म की 12 लाख रु की सिक्योरिटी जमा है उसके बावजूद आज धार जिले में दूध वितरित नहीं हो पाया। पटेल ने कहा कि दुग्ध संघ इतिहास में इस प्रकार की घटना पहली बार हुई है। वितरक असफल हो जाते हैं, तो इंदौर दुग्ध संघ मैनेजमेंट द्वारा व्यवस्था की जाती रही है। आज 2 अप्रैल की जो घटना हुई है, इसमें मैनेजमेंट की घोर लापरवाही है। उन्होंने मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव से इंदौर दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जवाबदार अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# फर्जी डिग्री से शिक्षक बने, अब 74 पर कार्रवाई का शिकंजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**लोकायुक्त पुलिस ने कर दी जांच शुरू, जिला शिक्षा अधिकारी ने रोका 24 शिक्षकों का वेतन**

फर्जी डिग्री के आधार पर सरकारी शिक्षक की नौकरी हासिल करने वाले 74 व्यक्तियों पर शिकंजा कस दिया गया है। इन व्यक्तियों के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा 24 शिक्षकों का वेतन भी रोक दिया गया है।

जिले के सरकारी स्कूलों में फर्जी डिग्री के आधार पर कई शिक्षकों ने नौकरी हासिल की है। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ अब शिक्षा विभाग के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस तरह के 74 संदिग्ध शिक्षक का पूरा लेखा-जोखा लोकायुक्त पुलिस के द्वारा मांग लिया गया है। इसके साथ ही यह आशंका जताई जा रही है कि इन शिक्षकों ने संविदा शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान फर्जी डी एड और बीएड की अंक सूची लगाकर यह नौकरी हासिल की है। इस तरह के शिक्षकों पर अब कार्रवाई करना भी शुरू कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी शांत स्वामी ने बताया कि पहले चरण में 26 शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के जवाब में दो शिक्षकों के द्वारा अपना स्पष्टीकरण दिया गया है। इसके अलावा 24 शिक्षकों के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। ऐसी स्थिति में इन 24 शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इन सभी का वेतन रोक दिया गया है। किसी भी शिक्षा विभाग के पास लोकायुक्त पुलिस की चिट्ठी भी पहुंच गई है। इस चिट्ठी में 74 शिक्षकों को संदिग्ध मानते हुए उनकी पहली नियुक्ति से जुड़ा हुआ पूरा रिकॉर्ड मांगा गया है। इसमें प्रथम नियुक्ति का आदेश नियुक्ति के समय प्रस्तुत की गई अंक सचिया सेवा पुस्तिका के पहले प्रश्न का फोटो और नियुक्ति संबंधी प्रविष्टियां भी शामिल है।

# कांग्रेस से जुड़े उद्योगपति और इंजीनियर

## सोशल मीडिया की बैठक में लोगों को जोड़ने के अभियान की बात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में कल शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल एवं नागेश की मौजूदगी में सोशल मीडिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुद्दा यही था कि हर विधानसभा के ब्लॉक, मंडलम और बूथ स्तर के मतदाताओं को कांग्रेस के आईटी एप से जोड़ा जाए इसके लिए कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय रहे और जो लोग सोशल मीडिया की जिम्मेदारी निभा रहे हैं उनके माध्यम से केन्द्र और प्रदेश सरकार के अलावा नगर निगम की कमजोरी के मुद्दे भी उठाए जाए, ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े और उनके पास सरकार की कमजोरियां भी पहुंचे। आईटी विभाग सोशल मीडिया की टीम को निर्देशित किया गया कि 8 दिन के अन्दर पहले मीडिया विभाग अपनी टीम बनाए और फिर बूथ स्तर पर एप के माध्यम से लोगों को जोड़े। इधर कल कांग्रेस में उद्योगपति आशीष जैन और इंजीनियर प्रफुल्ल जैन की भी इन्ट्री हुई, जिन्हें चिंटू चौकसे और संजय बाकलीवाल ने आशीष जैन और प्रफुल्ल जैन को कांग्रेस का दुपट्टा पहनाया गया।



## रेल समस्या पर ज्ञापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आम्बेडकर नगरी महू से सनावद तक बड़ी लाइन का गैज परिवर्तन 65 किलोमीटर का किया जाना है। इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन दिया गया। साथ ही अन्य समस्याएं भी समिति द्वारा उठाई गई। अनिल ढोली, रविन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र शुक्ला, रामरतन वर्मा मौजूद थे।

# भाजपा नेता ने उठाया लाल बत्ती से हरी बत्ती नहीं होने का मुद्दा

**सोशल मीडिया पर बार-बार दी जानकारी, कहा यातायात हो रहा है जाम**

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वरिष्ठ भाजपा नेता और माहेश्वरी समाज से जुड़े ईश्वर बाहेती ने कल सोशल मीडिया पर नवलखा चौराहा पर लाल लाइट हरी नहीं होने का मुद्दा उठाया और कहा कि इसे वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुंचाना चाहिए, जिससे यातायात जो जाम है वह ठीक हो जाए, किसी को इमरजेंसी में निकलना हो तो वह निकल नहीं सकता था। इधर जाम की स्थिति काफी देर तक बनी रही और पुलिस ने भी बेरिकेट्स लगाकर चैकिंग के नाम पर यातायात को बाधित कर रखा था। बाहेती ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि दो घंटे तक यातायात में वे प्रकाश नगर चौराहा से नवलखा चौराहा के बीच फंसे रहे और इस दो घंटें में उनका वाहन 200 से 300 मीटर तक ही बढ़ पाया था।

## शासकीय कार्यालय पर कांग्रेस देगी चरणबद्ध ज्ञापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। कल नया आर्थिक सत्र शुरू होते ही दूध, बिजली, गैस टंकी, मकान की रजिस्ट्री, बस किराया सबकुछ महंगा हो गया और सरकार हाथ पर हाथ बांधे बैठी तमाशा देख रही है। आम जनता को साथ लेकर कांग्रेस और राजीव विकास केन्द्र द्वारा चरणबद्ध जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। अलग-अलग दिन, अलग-अलग शासकीय कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन दिए जाएंगे। आम जनता को भी अवगत कराया जाएगा। 7 अप्रैल से इसकी शुरूआत होगी और विद्युत मंडल के पोलोग्राउण्ड कार्यालय पर बढ़ते बिजली के बिल, विद्युत दरे बढ़ाने को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

## कांग्रेसी और भाजपाई भी दिखे हनुमानजी की भक्ति में

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आज भगवान हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है ज्यादातर मंदिरों में सुबह 6 बजे हनुमानजी की जन्म आरती हुई। आज सुबह कई मंदिरों में भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी के अलावा भाजपा और कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता भी पहुंचे। आज हनुमान मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे है कहीं श्रृंगार दर्शन तो कहीं शाम को छप्पन भोग लगेंगे, तो कहीं भंडारे का आयोजन भी होंगे, कहीं सुन्दरकांड पाठ, तो कहीं हनुमान चालीसा, तो कहीं मंदिरों में महाआरती के आयोजन रखे गए हैं। अलग-अलग मंदिर में अलग-अलग भाजपा-कांग्रेस राजनेता पहुंचेंगे और अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।कई जगह राजनेताओं ने मंदिर में व्यवस्थाएं भी कराई, पूर्व में किसी ने मंदिर में कलर भी करवाए, तो किसी ने श्रृंगार में सहयोग किया, तो किसी ने छप्पन भोग, तो किसी ने भंडारा में सहयोग किया। कुछ पार्षदों ने अपने क्षेत्र के मंदिरों में बाहर नगर निगम से काम भी करवाए।

# अब गौशाला से गाय का दूध बेचेगा निगम

**हर दिन 150 लीटर दूध बेचने के लिए 2 साल का देंगे ठेका**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा देपालपुर रोड पर संचालित की जा रही गौशाला की गायों का दूध बेचा जाएगा। निगम के द्वारा हर दिन 150 लीटर दूध विक्रय करने की स्थिति बन रही है। इसके लिए अब निगम 2 साल का ठेका देगा।**

कुछ साल पहले तक देपालपुर रोड के निगम की इस गौशाला की हालत यह थी कि इसकी चर्चा जब भी होती थी तो वहां पर होने वाली अव्यवस्था के लिए होती थी। आए दिन इस गौशाला में बीमार गायों की मौत हो जाने का समाचार अखबारों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित होता था। नगर निगम के द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्र में सड़क पर घूमने वाली गायों को पकड़कर इस गौशाला में भेजा जाता था। सड़क पर घूमने वाली गाय प्लास्टिक खाकर बीमार हो रही थी और इस गौशाला में जाने के बाद भी गाय की सेहत कोई बेहतर नहीं हो रही थी।

ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा एक बड़ा कदम उठाते हुए ग्वालियर क्षेत्र में गौशाला का संचालन करने वाले एक संत को इंदौर में भी सेवा कार्य करने के लिए बुलाया गया। इस संत के नेतृत्व में पिछले कुछ समय से इस गौशाला पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसका परिणाम हुआ है कि अब गौशाला बेहतर स्थिति में आ गई है। यहां की बीमार गायों का अच्छी तरह से उपचार किया जा रहा है। गायों को खाने के लिए बेहतर आहार दिया जा रहा है। इस हालात के कारण इस गौशाला में गायों का दूध अब अतिरिक्त वाली स्थिति में आ गया है।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि गौशाला में अब हर दिन 150 लीटर गाय का दूध विक्रय किया जा सकता है। नगर निगम के द्वारा इस दूध को बेचने के लिए पहल कर दी गई है। निगम की ओर से 2 साल तक गौशाला का गाय का दूध बेचने का ठेका दिया जा रहा है। जो भी व्यक्ति ठेका लेगा उसे नगर निगम के द्वारा एक निश्चित राशि प्राप्त की जाएगी। इस व्यक्ति को निगम की ओर से गौशाला से हर दिन 150 लीटर गाय का दूध दे दिया जाएगा। अब इस दूध को कहां बेचना है और उसका क्या उपयोग करना है यह संबंधित व्यक्ति पर निर्भर रहेगा।

## पहली बार होगा ऐसा

यह पहला मौका होगा जब नगर निगम के द्वारा अपनी गौशाला से गाय का दूध बेचने का काम किया जा रहा है। अब तक तो इस गौशाला से गाय का दूध इतना कम निकलता था की गौशाला की आवश्यकता की पूर्ति ही नहीं हो पाती थी। अब यह दूध इतना ज्यादा निकलने लगा है कि इसे बेचने की स्थिति बन पाई है।

## एक और बना रहे हैं गौशाला

अब नगर निगम के द्वारा एक और गौशाला तैयार करने का काम किया जा रहा है। यह गौशाला महू तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम आशापुरा में बनाई जा रही है। इस गांव में गौशाला की स्थापना के लिए नगर निगम को सरकारी जमीन मिल गई है । इस जमीन पर गौशाला के विकास का कार्य शुरू कर दिया गया है।




# पोस्टर चिपकाए तो लगा जुर्माना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** झोन 21 के वार्ड 79 केट चौराहा पर ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के विरुद्ध निगम ने इस बात के लिए कार्रवाई की कि रोड पर ही स्कूल ने अपने प्रचार के लिए पोस्टर लगा दिए थे। निगम के अवधनारायण सिंह, विजय यादव ने शिकायत के बाद दौरा किया और देखा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा सार्वजनिक सड़क पर पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता को खराब करने का कार्य किया जा रहा था जिस पर नगर निगम की टीम ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल 30 हजार रुपये का स्पॉट फाइन किया।

## महिला ने जहर खाकर जान दी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आजाद नगर क्षेत्र में एक महिला ने जहर खाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका का नाम सीमा पति चंद्रभान (26) निवासी अभिषेक नगर है। फिलहाल उसकी आत्महत्या के कारणों का पता नही चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रकाश आश्रम संचालन समिति के चुनाव की प्रक्रिया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रकाश आश्रम स्वामी प्रकाश पुरी सेवा समिति कम्पैल रोड सनावदिया की नई कार्यकारिणी चुनाव को लेकर चुनाव 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से होंगे। चुनाव अधिकारी मनीष चौरसिया ने बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। नामांकन की प्रक्रिया भी हो चुकी है।

# हाल-ए-इंदौर की सफाई

# जिस ग्रीन वेस्ट से बनी थी खाद और सूखे कचरे को करना था रियूज़ वो जलाया जा रहा है

**ग्रीन वेस्ट संग्रहण के लिए दिए गए थे सफाई कर्मियों को ग्रीन बैग और बनाई गई थी कंपोस्ट पिट**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम वर्तमान में उसके द्वारा बनाया गया स्वच्छता का मॉडल और पाठ भूल रहा है जबकि देशभर के अन्य शहर इस मॉडल को अपना रहे हैं और अपने शहर को स्वच्छ बनाने में जुटे हुए हैं लेकिन इंदौर की स्थिति वर्तमान में इससे उलट हो चुकी है यहां पुराने स्वच्छता मानकों को भुलाकर सफाई केवल औपचारिकता मात्र रह गई है, ऐसा इसीलिए कहना पड़ रहा है कि स्वच्छता की छोटी-छोटी बातों को अब नजर अंदाज किया जा रहा है जिससे इंदौर के स्वच्छता तक पर दाग लग रहा है।

## मन माफिक इंदौर की सफाई

वर्तमान में स्वच्छता की मॉनिटरिंग सबसे कमजोर स्थिति में पहुंच गई है इसीलिए जिसके कारण सफाई कर्मचारी अपने मन माफिक सफाई को अंजाम दे रहे हैं वही नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को केवल सड़क साफ होने से सरोकार है। जबकि इंदौर का स्वच्छता मॉडल सफाई के साथ ही 3आर के सिद्धांत पर काम करता है।

## गाड़ियों से टपक रहा गंदा पानी

इन दिनों शहर की कचरा गाड़ियों से कचरा बाहर गिर रहा है, लीटर बिन टूट रहे हैं, गीले कचरे से निकलता गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, समय पर कचरा गाड़ियों की रिपेयरिंग नहीं हो रही है। हरे और नील बाग में नहीं एकत्र हो रही पेड़ों की पत्ती और ग्रीन वेस्ट- गली मोहल्ला में रोड की सफाई करने वाले कर्मचारी ग्रीन वेस्ट और सूखा कचरा इकट्ठा कर उसको आग़ के हवाले कर रहे हैं, जबकि नगर निगम कर्मचारियों को निगम की ओर से हरे और नीले झोले दिए गए थे ताकि ग्रीन वेस्ट को कंपोस्ट पिट में डाला जा सके वही सूखे कचरे को एकत्र कचरा गाड़ी वाले को निश्चित स्थान से उठाना था।। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर के प्रत्येक गार्डन में दो कंपोस्ट पिट बनाए गए थे लेकिन अब यह पिट किस हाल में काम कर रहे हैं और इसे कितनी खाद बन रही है इसको लेकर निगम के पास कोई हिसाब किताब नहीं है कई गार्डन से पिट हटा दी गई है। कई में यह टूट चुकी है।

## डस्टबिन हेल्पर उठाकर कचरा गाड़ी में नहीं डालता

नगर निगम स्वच्छता की मॉनिटरिंग करने के लिए जिन एनजीओ को लाखों रुपए प्रतिमाह दे रहा है उनके कर्मचारी कचरा गाड़ी और फील्ड दोनों पर दिखाई नहीं देते। नगर निगम के स्वच्छता मॉडल के तहत एनजीओ के कार्यकर्ता कचरा गाड़ी के साथ चलते हुए रहवासियों की समस्या और वेस्ट सेग्रीगेशन हो रहा है या नहीं इसकी मॉनिटरिंग हर घर पर जाकर करते थे। हर घर का डस्टबिन उठाकर कचरा गाड़ी में कचरा डालने का काम नगर निगम का हेल्पर करता था, वर्तमान में वह गाड़ी पर है या नहीं इसकी भी अनिश्चितता बनी रहती है, रहवासियों का कचरा गाड़ी में उठाकर डालना या तो सालों पुरानी बात हो गई है।

## अफसर और जनप्रतिनिधि का तर्क

इधर नगर निगम के अधिकारियों की मॉनिटरिंग भी असर कारक नहीं रह गई, क्योंकि अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छता के अलावा भी शहर में काम होते हैं इसीलिए केवल स्वच्छता पर ही फोकस करना मुश्किल होता है। वहीं नगर निगम के एमएससी सदस्य और जनप्रतिनिधियों ने ही अपने खुद के एनजीओ बना लिए हैं और यही नगर निगम में स्वच्छता की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

# यातायात सुधार पर चिंतन के अगले दिन हो गया यातायात का बंटाढार

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के फैसले का नहीं होता है क्रियान्वयन**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। कलेक्टर कार्यालय में जिस दिन यातायात सुधार पर चिंतन करते हुए फैसले लिए गए उसके अगले दिन ही इंदौर में यातायात का बंटाढार हो गया।**

कल बुधवार को शहर में शाम का समय यातायात जाम का समय बन गया था। नौलखा चौराहे से लेकर जीपीओ तक एबी रोड के बहुत सारे क्षेत्र में यातायात जाम पड़ा हुआ था। इसके साथ ही शहर के मध्य क्षेत्र की भी हालत खराब थी। नंदलाल पुरा चौराहा तो हमेशा ही जाम रहता है। सयाजी होटल के पीछे वाले चौराहे पर भी वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। जिस तरफ भी वाहन चालक अपना वाहन लेकर जाकर क्षेत्र को पार करने की कोशिश करता वहां पर उसे जाम का सामना करना पड़ रहा था।

यह सारी स्थिति उस समय बनी जब इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत शहर में लगाए गए सिस्टम में ही गड़बड़ी आ गई और चौराहे चौराहे के ट्रैफिक सिग्नल गड़बड़ाने लगे। कल जब यह स्थिति बनी उस समय पर याद आ रहा था कि मंगलवार के दिन ही इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा कलेक्टर कार्यालय में शहर के यातायात को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ी बैठक रखी गई थी। इस बैठक में पुलिस जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों ने मिलकर आरटीओ कार्यालय और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को साथ में लेकर चिंतन किया था। इन अधिकारियों ने यह निश्चित किया था कि आखिर शहर का यातायात किस तरह से सुगम किया जा सकता है।

इस मामले में उल्लेखनीय पहलू यह है कि इस बैठक में जो फैसले लिए जाते हैं उन फसलों के क्रियान्वयन की स्थिति बहुत ज्यादा खराब रहती है। इस बैठक के आधार पर ही इंदौर के पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान जवाहर मार्ग और एमजी रोड को एकांगी मार्ग घोषित किया गया था। उस समय इसके बोर्ड लगाकर इसका क्रियान्वयन शुरू कराया गया था तो उसका परिणाम यह निकला था कि संजय सेतु से लेकर राजमोहल्ला चौराहा तक और कृष्णपूरा से लेकर गोराकुंड चौराहा तक यातायात सुगम हो गया था। इसके बाद अचानक ही इस फैसले का क्रियान्वयन रोक दिया गया। इसका परिणाम यह है कि इस पूरे क्षेत्र में यातायात की हालत बुरी से बुरी हो गई है।

## जनता का कोई प्रतिनिधि नहीं

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर के यातायात को अच्छा करने के बारे में चिंतन किया जाता है और फैसले लिए जाते हैं। इस बैठक में जनता के प्रतिनिधि के रूप में ना तो यातायात विशेषज्ञों को बुलाया जाता है और ना ही किसी विधायक या पार्षद को बुलाया जाता है। केवल अधिकारियों के द्वारा ही विचार कर फैसला ले लिया जाता है। कई क्षेत्रों की स्थिति और कई मौके पर बनने वाले हालात के बारे में जनता और उनके प्रतिनिधि ज्यादा जानते हैं लेकिन उनकी जानकारी का कोई उपयोग नहीं किया जाता है।





# जनता के लिए हेलमेट...अधिकारियों के लिए छूट-फरहान कपाडिया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** फरहान कपाडिया ने कहा कि हेलमेट के नाम पर आम जनता के चालान बनाया जाते है, अधिकारी और रिटायर्ड कर्मचारी को हमेशा पुलिसकर्मी छूट दे देते है। पलासिया चौराहा पर पुलिस कर्मियों द्वारा बिना हेलमेट के गुज़रते हुए देखा गया। रिटायर्ड टीआई वहा से बिना हेलमेट गुज़रते है एस आई ब्रजराज द्वारा उन्हें वी.आई.पी सम्मान के तहत छोड़ दिया गया। अभियान के तहत कुछ दिन चालान या हेलमेट विकल्प चलाया गया लेकिन बाद केवल चालान तक ही कार्यवाही सीमित रह गई। वही अब आने वाले समय मे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ट्रैफिक सुधार के बजाय अपना चालानी टारगेट पूरा करने में ध्यान मग्न है। मकसद केवल वसूली है।

## राष्ट्र गीत का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन द्वारा राजबाडा अहिल्या प्रतिमा पर




माल्यार्पण के बाद राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान का आयोजन किया। गुरु हरिकिशन को भी याद किया गया। अजय नारायण सीतलानी, दिलीप राजपाल, मोहन चौहान, दिलीप ठक्कर, रानू मलोरिया, विकास जोशी, मनोहरसिंह तोमर, दिनेश दुबे, महेन्द्र जैन, महेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## अम्बेडकर जयंती पर शराबबंदी को लेकर ज्ञापन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महात्मा गाँधी जयंती की तरह डॉ. अम्बेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को भी जिले में शराब की दुकाने बंद रखकर उसकी खरीदी-बिक्री-वितरण-परिवहन बंद रखा जाए। यह मांग डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति के मुरलीधर राहुल मेटांगे और रघुवीर मरमट ने कलेक्टर के नाम एसडीएम घनश्याम धनगर और आबकारी सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

## श्रम संहिता वापस लेने के लिए ज्ञापन दिया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

केंद्रीय श्रम संगठनों, फेडरेशनों संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर मजदूर विरोधी श्रम संहिता लागू करने के विरोध में काला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मजदूर कर्मचारी एवं किसानों ने मध्य प्रदेश श्रमायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के नाम से डिप्टी कमिश्नर आशीष पालीवाल को ज्ञापन सौंपा गया।



श्यामसुन्दर यादव, लक्ष्मीनारायण पाठक, राहुल निहोरे, रामस्वरुप मंत्री, महेश गौहर, हरनामसिंह धारीवाल, देवीसिंह सेंगर, सी एल सर्राफ, भागीरथ कच्छवाय, कैलाश लिम्बोदिया, अरुण चौहान, सोनू शर्मा, कविता मालवीय, रेखा सुरवे, रामकली पाल, अरविंद पोरवाल, गजानंद नीमगांवकर, सोहनलाल शिंदे , रुद्रपाल यादव, कैलाश गोठानिया मौजूद थे।

## दुबई में सेवा देने वाले धीरज जैन का स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ईरान इजरायल युद्ध के संकट में इंदौर से दुबई जाने वाले यात्रियों के दुबई में फंस जाने पर लगभग 350 लोगों की संपूर्ण व्यवस्था रुकना रहना खाना स्वास्थ्य जैसे कार्य फॉर्म हाउस दुबई पर




निशुल्क किए गए। ऐसे समय में इतने लोगों की व्यवस्था व स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था धीरज जैन ने फॉर्म हाउस पर की। जिसमें इंदौर के सराफा बाजार के गोपाल मुक्ति अग्रवाल भी थे। धीरज इन्दौर आए तो उनका स्वागत सराफा व्यापारी एसोसिएसन, संस्था अग्र दया परिवार की ओर से किया गया। हुकम सोनी, अनिल राका, सुशील गुप्ता, बसंत सोनी, गोपाल मुक्ति अग्रवाल, अरुण आरती अग्रवाल, प्रज्ञा-नीलेश अग्रवाल, अजय मीना, राजेश नम्रता, चंद्रकांता-विनोद, संगीता-अनिल, राधा-गोपाल, मंजू-मनीष. विजय-ममता की मौजूदगी में जैन का सम्मान हुआ।

## ईद मिलन समारोह

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

गार्डन मे योग साधको का ईद मिलन समारोह मॉडर्न योग क्लब के बैनरतले किया गया। डॉ. शिव प्रताप सिंह बघेल, असगर, मंसूर कालेजवाला, विपिन पोद्दार, जसवीर भाटिया, मोहम्मद हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।



## द्वार का लोकार्पण आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन यूथ क्लब के पूर्व अध्यक्ष रजत गर्ग के समय महाराजा अग्रसेन द्वार निर्माण को लेकर भूमिपूजन किया गया था। अब 45 फीट ऊँचा और 165 फीट चौड़ा द्वार बन चुका है और श्रेय की राजनीति चल रही है। द्वार का लोकार्पण आज शाम 7.30 बजे हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, और भाजपा के जनप्रतिनिधि के अलावा समाजसेवी विनोद अग्रवाल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, सौरभ गोयल, संजय बाकडा, रजत गर्ग, श्वेता अग्रवाल, मुकेश ब्रजवासी भी मौजूद रहेंगे।

## व्याख्याता भूपेश यादव सेवानिवृत्त

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माता शबरी कन्या आवासीय परिसर में कार्यरत व्याख्याता भूपेश यादव 37 वर्षों की दीर्घ एवं समर्पित सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में संस्था द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया।



# अन्नदाताओं के साथ हो रहा है भेदभाव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाई जा रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। गेहूं की नरवाई जलाने पर किसानों पर एफआईआर की जा रही है। सहकारी बैंकों द्वारा शून्य ब्याज पर ऋण जमा करने की सेवा सहकारी संस्था की अंतिम तारीख 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाई गई जिसके कारण किसानों को एक वर्ष का 7 से लेकर 14 प्रतिशत




दंड लगने से आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जिससे 60 फीसदी किसान डिफाल्टर घोषित हो जाएंगे। ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी का रजिस्ट्रेशन तुरंत शुरू किया जाए साथ ही गेहूं की खरीदी प्रति बीघा 11 क्विंटल करने की मांग की। सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो किसान संघ के कार्यकर्ता जेलभरो आंदोलन करेंगे। यह बात आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल एवं प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार ने पत्रकारों से कही।

## बीआरटीएस व मास्टर प्लान की सडक का निरीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा मास्टर प्लान की सड़कों एवं बीआरटीएस कॉरिडोर पर किए जा रहे विभिन्न निर्माण एवं सुधार कार्यों का निरीक्षण किया गया। बीआरटीएस मार्ग पर किए जा रहे डिवाइडर कार्यों का जायजा लिया तथा मार्ग पर पूर्व से लगे शेष बचे रेलिंग एवं बस स्टॉप को हटाने की कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बस स्टॉप एवं रेलिंग, बीम, कालम हटाने के पश्चात संबंधित



स्थलों पर तत्काल सफाई, पेचवर्क एवं सड़क समतलीकरण का कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त बैरिकेडिंग एवं आवश्यक सूचना संकेतक लगाए जाने के निर्देश भी दिए।

### मंगल को जन्मे, मंगल ही करते, मंगलमय भगवान, जय हनुमान, जय-जय हनुमान...

# माता अंजनी के लाल के दर्शन करने उमड़ा सैलाब

## केसरिया महल में हुए बाबा रणजीत के दर्शन

## सुबह 6 बजे शंखनाद के बाद हुई जन्म आरती



सुभाष चौक रामभक्त हनुमान मंदिर



वीर अलीजा हनुमान मंदिर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आज चैत्र पूर्णिमा पर कलयुग में साक्षात देवता एवं भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। मंदिरों में सुबह 6 बजे भगवान की जन्म आरती की गई। बाबा का विशेष श्रृंगार भी किया गया। रणजीत हनुमान सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से दर्शनार्थियों की कतार नजर आई। श्रद्धालु आज मंदिर परिसर में ही हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए और बजरंग बली के जयकारे भी भगवान श्रीराम के साथ लगाते दिखे।

कल रात से ही हनुमानजी के मंदिर में चोला चढ़ना शुरू हो गया था। सुबह 6 बजे घंटे–घड़ियाल और शंखनाद हुआ, जिसके बाद अंजनी सुत की आरती हुई। कई जगह आतिशबाजी भी की गई। राम दरबार का भी आज विशेष श्रृंगार किया गया। जय हनुमान और जय श्रीराम के जयकारे भी मंदिरों में लग रहे हैं। सुबह से शुरू हुआ दर्शन का क्रम देर रात तक जारी रहेगा। मंदिरों में हनुमान चालीसा के पाठ किए जा रहे हैं, कुछ मंदिरों ने दोपहर और शाम को सुन्दरकाण्ड के पाठ भी रखे हैं। कई छोटे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने अपने हाथ से चोला चढ़ाया। मंदिरों में ध्वज भी फहराया गया। बजरंग बली को चने-चिरौंजी, पेड़े, चूरमा एवं श्रीफल का भोग लगाया जा रहा है। मंदिरों में कई जगह छप्पन भोग भी अर्पित किए गए। कई जगह आज छप्पन भोग प्रसादी, भंडारा का आयोजन है।

प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर केसरिया महल सजाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि बाबा रणजीत के विशेष पोशाक,श्रृंगार में दर्शन हुए।सुबह बाबा की जन्म आरती हुई। कल सुबह काकड़ आरती के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन होगा। दर्शनार्थियों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए कतारों में कूलर लगाए गए,वही ठंडा जल और शरबत की व्यवस्था की गई है। सुबह से भजन कीर्तन भी किए जा रहे है। विशेष विद्युत सज्जा भी की गई। कल रात से ही श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए थे। बाहर से भी रण को जीताने वाले बाबा के दर्शन किए जा रहे थे।

## वीर अलीजा सहित कई जगह शाम को होंगे भंडारे

वीर अलीजा हनुमान मंदिर में भी फूल बंगला सजाया गया। बाबा का स्वर्ण चोले का श्रृंगार किया गया। मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि शाम 6 बजे से भंडारे का आयोजन होगा, हजारों भक्त प्रसादी ग्रहण करेंगें।

सुभाष चौक स्थित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर पर साल में एक बार होने वाला विशेष स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया। जीतू गुरु ने बताया कि दिनभर अलग अलग प्रकार के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आज सुबह विशेष जन्म आरती भी की गई।

नवलखा स्थित सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर (बड़े बालाजी) पर भी सुबह से आस्था की भीड़ नजर आई

पितृ पर्वत पर भी आज आयोजन हो रहे हैं। हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया।

हाईटलिंक रेसीडेंसी स्थित श्री सालासर बालाजी धाम पर भी विशेष श्रृंगार किया गया। बंटू गुरु ने बताया कि दोपहर में अभिषेक एवं हवन होगा। इधर नायता मुंडला स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पर शाम को मुख्य आयोजन होगा।



बडवाली चौकी हनुमान मंदिर



छत्रीबाग हनुमान मंदिर



धानगली हनुमान मंदिर



इतवारिया हनुमान मंदिर



जिन्सी हाट हनुमान मंदिर

इसके अलावा बड़े रणजीत हनुमान मंदिर समाजवाद नगर, सालासर हनुमानजी तिलक नगर, नगरपति हनुमानजी यशवंतगंज, शिव मंदिर इन्द्रपुरी, श्रीराम मंदिर गणगौर घाट, खुड़ैल हनुमानजी, विजय नगर, आरटीओ, मधुमिलन बालाजी, नगारची बाखल, सिखवाल मोहल्ला, मुकेरीपुरा, मालगंज, सुभाष मार्ग, वीर हनुमानजी गांधी हाल, महारानी रोड बालाजी, चिंताहरण हनुमानजी, मधुमिलन चौराहा स्थित हनुमानजी, जिंसी सुभाष मार्ग, बड़वाली चौकी, टोरी कार्नर, छत्रीबाग स्थित हनुमानजी एवं मोरसली गली हनुमान जी मंदिर, धानगली एवं नगारची बाखल हनुमानजी मंदिर, इतवारिया बाजार हनुमानजी मंदिर, टोरी कॉर्नर वीर हनुमानजी मंदिर, कंडिलपुरा जिन्सी स्थित सोंठेवाले हनुमानजी मंदिर, विद्याधाम मंदिर, गीताभवन और हंसदास मठ, संकट मोचन हनुमान मंदिर सांवेर रोड, केसरबाग रोड, किष्किंधा धाम रंगवासा राऊ, बावड़ी वाले हनुमान मंदिर स्कीम 78, मां विंध्यवासिनी मंदिर स्कीम नं. 114 का हनुमानजी मंदिर, बाल हनुमान मंदिर जयहिन्द नगर बाणगंगा, अखंड ज्योत हनुमान मंदिर खजरानी, गोमा की फेल अखाड़ा स्थित हनुमानजी, पंचदेव मंदिर एमआईजी कालोनी स्थित हनुमानजी में भी विशेष श्रृंगार किया गया एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे है। आरती भी की गई।



सालासर धाम हाईलिंक



मधुमिलन हनुमान मंदिर



मल्हारगंज हनुमान मंदिर



मुकेरीपुरा हनुमान मंदिर



नगारची बाखल



बड़े बालाजी



वनखंडी हनुमान मंदिर

# शहर भर में हनुमान जन्मोत्सव का धार्मिक उत्साह





## सिखवाल समाज ने निकाली प्रभातफेरी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिखवाल मोहल्ला शकर बाजार-शीतला माता बाजार से सिखवाल समाज ने हनुमानजी का पूजन कर जयकारों के साथ प्रभातफेरी निकाली, जो सराफा, शीतला माता बाजार, शकर बाजार सहित अन्य क्षेत्र में घूमी।

## हनुमानजी के जन्मोत्सव पर सूर्य नमस्कार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मल्हार आश्रम मैदान पर आजसुबह क्रीड़ा भारती ने कलयुग के देवता हनुमानजी के जन्मोत्सव पर आज अपना स्थापना दिवस भी मनाया और सूर्य नमस्कार का बड़ा आयोजन भी किया। अलग-अलग क्रियाएं की गई।



## मठ पर आज शाम अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हंसदास मठ पर दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव के आयोजन में आज सुबह हनुमानजी का अभिषेक, आरती, अभिमंत्रित कवच का वितरण रामचरणदास महाराज, पवनदास महाराज की मौजूदगी में किया गया। कल शाम भी पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी के विग्रह का अभिषेक किया गया। आज सुबह जन्मोत्सव आरती में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। रात्रि में भक्तों को अभिमंत्रित कवच का वितरण भी किया जाएगा। आज शाम अखंड रामायण पाठ समापन पर पूर्णाहुति और हवन का आयोजन होगा। शाम को हनुमानजी को छप्पन भोग लगाए जाएंगे, श्रृंगार दर्शन भी होंगे।

## पंचकुइया मोक्षधाम में ध्वजा अर्पित



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कामधेनु सेवासमिति ने पंचकुइया मोक्षधाम गौशाला स्थित श्रीराम भक्त हनुमानजी का पूजन कर ध्वजा अर्पित की। राजेन्द्र असावा ने उक्त जानकारी दी। गौ हत्या बंद करने की गुहार भी की गई।

## अरण्य धाम पर आज विशेष श्रृंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अरण्य धाम संत आश्रम पर हनुमान जयंती महोत्सव पर हनुमानजी की चारभुजानाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई। आज सुबह महाआरती की गई, ड्रायफ्रूट का भोग लगाया। शाम को भंडारा भी होगा।

## विद्याधाम पर आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** श्रीविद्याधाम मंदिर पर हनुमान प्राकट्य उत्सव का आयोजन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में आज सुबह सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में षोडशोपचार पूजन, अभिषेक का आयोजन किया गया। श्रृंगार दर्शन भी हुए। आज शाम रामायण पाठ भी होगा।

## हनुमान मंदिर पर आज शाम चलित भंडारा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मरीमाता चौराहे के पास श्री अत्तर मारुति स्वामी मंदिर में हनुमान जयंती पर श्रृंगार दर्शन और शाम 7 बजे से आरती, भजन संध्या और चलित भंडारा आयोजित किया गया है।



## कर्मचारी नेताओं ने सौपा आयुक्त को ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 10 मार्च को निगम स्वास्थ्य विभाग वार्ड 55 के सफाई कर्मचारी पवन पिता प्रभाती संकत को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सरवटे बस स्टेण्ड क्षेत्र में टक्कर मारी गई। दूसरे दिन उनका शव एमवाय पहुंचाया गया जिसकी विधिवत रिपोर्ट छोटी ग्वालटोली पुलिस को की गई। महेश गौहर ने बताया कि मृतक कर्मचारियों के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों को निलंबित किया जाए और मृतक के वारिस को अनुकंपा नौकरी देने के साथ 10 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति भी दी जाए। गोकुल करोडे, विवेक करोसिया, बाबूलाल सिरसिया, श्याम अजयपाल, राजेश मेवाता, राजेश धौलपुरे, कमल वेद मौजूद थे।



## योग प्रतियोगिता और साउंड हीलिंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मॉल में वीजी व्हींग्स ने योग प्रतियोगिता और साउंड हीलिंग सेशन का आयोजन किया। सैकड़ों प्रतिभागियों और दर्शकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्रेया अनासाने, अजय जोशी, डॉ. विनोद, शिवानी, डॉ. अंशुल जैन का सहयोग रहा।

## समाज सेवियों का होगा सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सम्यक अभियान का चलो राम राज्य की ओर का आयोजन 3 अप्रैल को रीगल तिराहा स्थित आईसीएच परिसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले समाज सेवियों का सम्मान होगा। दिलीप ठक्कर ने उक्त जानकारी दी।

## गैस के लिए देना होगा सात दिनों का अग्रिम भुगतान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष योगेश मेहता के नेतृत्व में अवंतिका गैस लि. के प्रबंध संचालक पंकज भगत व कंपनी के अन्य अधिकारियों से भेंट कर उद्योगों को गैस आपूर्ति, दर व सुरक्षा निधि आदि संबंधित व अन्य व्यावहारिक कठिनाईयों को लेकर चर्चा की और उन्हें उद्योगों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया। उद्योगों को नये कनेक्शन मिलने में समस्या हो रही है इसका समाधान होना चाहिए। वही दर बढोतरी एवं सुरक्षा निधि की मांग का मुद्दा भी आपके समक्ष रखा गया। उद्योगों को निरंतर गैस की सप्लाई मिलती रहे तथा उत्पादन कार्य प्रभावित न हो इसके लिए चर्चा में यह तय किया गया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थिति के पुनः यथास्थिति होने तक उद्योगों को खपत पर 7 दिन के अग्रिम भुगतान पर गैस की आपूर्ति कंपनी द्वारा की जायेगी इससे उद्योगों को भी सुविधा होगी और जितनी खपत उतनी राशि देय होगी। कंपनी इसके लिए उद्योगों को बिल प्रेषित कर अग्रिम राशि की मांग करेगी।





## छात्रों को मिली खीर-पुड़ी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पीएम शासकीय स्कूल हातोद में कल से विद्यार्थियों का नए सत्र का प्रवेश प्रारंभ हुआ। पहले दिन माँ सरस्वती की पूजन के बाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, 8वीं तक के विद्यार्थियों को भजन में खीर-पुड़ी और 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को स्वल्पाहार कराया गया। सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण आजाद, मोतीलाल राजोरिया, जनार्दन जोशी अतिथि थे। प्राचार्य सत्यनारायण मंडलोई, कविता जैन, रेणुका वर्मा, राधेश्याम यादव, शिक्षकगण उपस्थित थे।

## पंचकल्याणक में घटयात्रा कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री चंद्रप्रभु जिनालय मल्हारगंज के जिनबिंब पंचकल्याणक महोत्सव के अन्तर्गत संत विमल सागर म.सा., मुनि अनंत सागर म.सा. के सानिध्य में कल 3 अप्रैल को सुबह 7.30 बजे आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर से घटयात्रा निकाली जाएगी, जो दलाल बाग पहुंचेगी। मंडप शुद्धि, वैदी शुद्धि के आयोजन होंगे। आयोजन से राजेश जैन, राजेश लारेल, राजीव जैन बंटी, राजू अलबेला, अखिलेश सोधीया, भरतेश बड़कुल, विपुल बांझल जुड़े हुए हैं।

# भवंश प्रामिनेंट स्कूल से आनंदम कॉलोनी तक शुरू होगा मुख्य सड़क का कार्य

## वार्ड 36 में निपानिया क्षेत्र के हजारों रहवासियों को बारिश से पहले मिलेगी बड़ी राहत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** निपानिया क्षेत्र में भवंस प्रामिनेंट स्कूल से आनंदम कॉलोनी तक बारिश से पहले मुख्य सड़क के नवनिर्माण और चौड़ीकरण का कार्य आने वाले दिनों में जल्द शुरू होगा। जिसको लेकर क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर वार्ड 36 के पार्षद सुरेश कुरवडे द्वारा निगम से फाइल मंजूर कराकर सड़क निर्माण के लिए पिछले दिनों निगम से टेंडर प्रक्रिया भी शुरू करवा दी। वही अब अगले माह निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद कहा जा रहा है कि यहां लगभग 78 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से नई सीमेंटेड सड़क की सौगात देने की तैयारी है। जिसको लेकर निगम द्वारा क्षेत्रीय रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर यहां सड़क निर्माण के लिए तीसरी बार टेंडर प्रक्रिया के तहत निविदा जारी की है।

वहीं बताया जा रहा है कि निगम की इस बार ठेकेदार की तलाश पूरी हो गई तो क्षेत्र में जल्द नई सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसके लिए वर्तमान में निगम द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर ठेकेदार की तलाश की जा रही है।उसके बाद लंबे समय से अधूरी वार्ड 36 में निपानिया क्षेत्र की इस प्रमुख सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य बारिश से पहले शुरू कर पाएगा।

क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ो रहवासी परिवारों को नई सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। जबकि अभी हालत यह है कि हर साल बारिश के दिनों में यहां से निकलना लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन जाता है। यही नहीं सड़क का लेबल गड़बड़ होने से इस ऊबड़- खाबड़ सड़क पर कीचड़ के कारण स्कूल की बसों के साथ अन्य छोटी बड़ी गाडियां भी संकरे रोड़ पर दिनभर में कई बार फंसती रहती है। जिसके लिए क्षेत्र के रहवासियों द्वारा लंबे समय से मांग के बाद अब जाकर क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवाडे के प्रयासो से निगम द्वारा सड़क निर्माण को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। जिससे अब उम्मीद की जा रही है कि इस बार बारिश से पहले सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य जल्दी शुरू हो जाएगा।

# आईडीए कॉलोनी के रहवासियों को मिलेगी बारिश से पहले कीचड़ और गंदगी से मुक्ति





### निगम ने जेसीबी लगाकर शुरू किया ड्रेनेज लाइन डालने का कार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 52 से जुड़े स्कीम 94 क्षेत्र में आइडीए कॉलोनी के सैकड़ों रहवासी परिवारों को अब सालों बाद बारिश से पहले कीचड़ और गंदगी से मुक्ति के साथ बड़ी राहत मिलने वाली है। जिसके लिए इस क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर क्षेत्रिय विधायक महेंद्र हार्डिया और वार्ड 52 से जुड़े मंडल अध्यक्ष उमेश मंगरोला के प्रयासों से लंबे समय बाद निगम ने इस कार्य की मंजूरी के साथ सालों पुरानी लाइन बदलकर नई लाइन डालने का काम भी अब शुरू कर दिया है। जिससे अब आने वाले दिनों में शुरू होने वाले बारिश के सीजन में लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है।



### *लाइन चोक होने से घरों में मच्छर के प्रकोप से मिलेगी राहत*

*वहीं वार्ड क्रमांक 52 से जुड़े क्षेत्र स्कीम 94 कालोनी के रहवासियों ने बताया पिछले कई सालों से हमारे घरों के आसपास और क्षेत्र से जुड़ी अन्य गलियों में बरसों से क्षतिग्रस्त लाइनों के लगातार चोक होने से आए दिन लोगों को परेशान होना पड़ता था। यही नहीं लाइन चोक होने के कारण बदबू और मच्छरों का प्रकोप अलग बढ़ जाता था, जिससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा था। जिसको लेकर विधायक और क्षेत्रिय पार्षद से भी लगातार मांग की गई। इसके बाद विधायक और मंडल अध्यक्ष के प्रयासों से अब जाकर निगम ने लाइन डालने का काम शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि जल्द लाइन डालने का काम पूरा कर लिया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सके।*

# बिजासन नगर के सामुदायिक भवन पर मिलेगी एक और मंजिल की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 23 के आदर्श बिजासन नगर में स्थित सामुदायिक भवन में अब आने वाले दिनों में एक और मंजिल की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत निगम यहां करीब 45 लाख रुपए के आसपास खर्च कर लंबे समय से आधे अधूरे सामुदायिक भवन पर आसपास के लोगों की सुविधा के लिए एक और नवीन मंजिल का निर्माण शुरू करेगा। जिससे घर में होने वाले मांगलिक कार्य और धार्मिक सामाजिक आयोजनों पर होने वाला महंगा खर्चा बचेगा। जिसके लिए यहां और भी कई अधूरे निर्माण के बचे कार्य पूरे होंगे। जिन्हे पहले चरण में पूरा नहीं किया जा सका था। वे काम भी अब दूसरे चरण में पूरे किए जाएंगे। जिसको लेकर निगम अधिकारियों ने आदर्श बिजासन नगर में क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर एकमात्र सामुदायिक भवन पर एक और मंजिल के निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

बड़ी बात यह है कि आदर्श बिजासन नगर क्षेत्र के गरीब मध्यवर्गीय जरूरतमंद परिवार के लोगों के लिए अब ज्यादा सुविधा होगी की घर के मांगलिक और सामाजिक आयोजन करने में अब और ज्यादा सुविधा होगी। निगम यहां लंबे समय से अधूरे सिविल के कामों को पूरा करने के साथ नव निर्माण भी करेगा। जिसके अंतर्गत अब यहां लाखों रुपए खर्चकर पुराने सामुदायिक भवन में आवश्यक सुधार कार्य शुरू कर एक और मंजिल का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करेगा। जिसका फायदा आसपास के रहवासी परिवार को मिलेगा। जहां पहले से ज्यादा लंबे चौड़े भवन पर एक और मंजिल के निर्माण से लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। जहां भविष्य में लोग पहले से और ज्यादा जगह का उपयोग कर क्षेत्र के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम और ज्यादा सुविधा के साथ आराम से कर सकेंगे।



## इन्दौर से भी पहुंचे थे समर्थक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर से बड़ी संख्या में यादव समाजजन भी अपने नेता सुभाष यादव को याद करने पहुंचे थे। सत्यनारायण पटेल, दीपू यादव, सदाशिव यादव, सदाशिव यादव काका, अनिल यादव, जगदीश यादव, जितेन्द्र यादव, अजयसिंह धारु शामिल है।

## पत्रकारों का महाकुंभ





**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खरगोन में म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ का वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर बतौर अतिथि मौजूद रहे, उन्होंने उद्बोधन भी दिया। निष्पक्ष पत्रकारिता में बढ़ रही चुनौतियों पर भी बात हुई। स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता करने में कई बार जोखिम भी उठाना पड़ती है, फिर भी पत्रकार अपना कर्तव्य निभाता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा वे पत्रकार की सुरक्षा के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे, पत्रकार सुरक्षा कानून पर विचार किया जाएगा। सलभ भदौरिया का सम्मान भी किया गया। विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नंदा ब्रह्माने, छाया जोशी का भी स्वागत हुआ। मो. अली, संदीप शर्मा, रिजवान अहमद सिद्दिकी ने उद्बोधन दिए। दो दिवसीय अधिवेशन चार चरणों में सम्पन्न हुआ। दिनेश अग्रवाल, शिशुपालसिंह तोमर, सलभ भदौरिया, सदाशिव वर्मा, रिजवान सिद्दीकी, परसराम चौहान, विजय मोरे, सदाशिव वर्मा, मनीष मडाहर, राधेश्याम पाटीदार, नीरज ठक्कर, संजय पाराशर, गोपाल जोशी, शुभम बगलाने, प्रवीण पाल, गौतम मालवीय ने अपनी भूमिका निभाई।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव को याद किया





**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव को कल उनकी जन्म जयंती पर गृहग्राम बोरावां में याद किया गया। वार्षिक कैलेण्डरों का विमोचन किया गया। श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। सुभाष यादव के बेटे पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक सचिन यादव, विधायक केदार सिंह डाबर, राजेन्द्र यादव, हर्षवर्धन यादव, डॉ. नम्रता यादव, विनिता यादव, नरेन्द्र पटेल, पोरलाल खरते, डॉ. गोविन्द मुजाल्दा,पाचीलाल मेढ़ा, हमीद काजी, रविन्द्र महाजन, जगदीश यादव,उमराव सिंह मौर्य, विक्रम मस्ताल सहित कांग्रेस के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## संपादकीय

### देश के छोटे शहरों में वायु प्रदूषण का बढ़ता खतरा, निगरानी तंत्र की कमी ने बढ़ाई चिंता

कुछ जिलों में निगरानी केंद्र तो हैं, लेकिन वे सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। वायु प्रदूषण केवल महानगरों और बड़े शहरों की समस्या नहीं है, छोटे शहर भी इससे प्रभावित हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से यह दावा किया जाता है कि प्रदूषण को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। देश भर में वायु गुणवत्ता का पता लगाने के लिए निगरानी केंद्र बनाए जाने की बात कही जाती है, मगर हकीकत यह है कि देश के करीब चालीस फीसद जिलों में अब तक निगरानी केंद्र स्थापित नहीं हो पाए हैं। ऐसे में जब यह पता ही नहीं चल पाएगा कि हवा में प्रदूषण का स्तर कितना है, तो उसे कम करने के प्रयास भी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहेंगे। वैश्विक कंपनी 'एअरवाइस' की ओर से बीते मंगलवार को जारी एक अध्ययन रपट में बताया गया है कि कई शहरों और कस्बों में लोगों को अपने आसपास फैल रहे प्रदूषण के बारे में वास्तविक जानकारी ही नहीं मिल पाती है, जिस कारण उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ रहा है। गौरतलब है कि मुंबई, दिल्ली और बंगलुरु जैसे बड़े शहरों में तो वायु प्रदूषण पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, लेकिन इस मामले में छोटे शहरों और कस्बों की आज भी अनदेखी की जा रही है। निगरानी केंद्र होने का एक फायदा यह है कि इससे आम लोगों को हवा में प्रदूषक तत्वों के स्तर की स्टीक जानकारी नियमित रूप से मिलती रहती है। ऐसे में सरकार और स्थानीय प्रशासन की ओर से उठाए जाने वाले कदमों के साथ-साथ लोग खुद भी सतर्क रहते हैं और मास्क लगाने तथा जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलने जैसे उपायों को प्राथमिकता देते हैं। मगर जब लोगों को इसकी सही जानकारी ही नहीं मिलेगी, तो वे इस तरह की सावधानी कैसे बरतेंगे। यह बात भी सामने आई है कि कुछ जिलों में निगरानी केंद्र तो हैं, लेकिन वे सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। सरकार को चाहिए कि देश के तमाम शहरों में वायु गुणवत्ता को मापने के लिए माकूल तकनीकी व्यवस्था की जाए और निगरानी केंद्रों के उचित रख-रखाव के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

# गाली देने से मना करने पर नाबालिग के गले पर किया वार

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और हमले की घटना सामने आई है। आरोपी ने गाली-गलौज का विरोध करने पर किशोर के गले के पास किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी अजय पिता रामेश्वर नायक निवासी गणराज नगर, खजराना ने शिकायत दर्ज कराई है। अजय ने बताया कि उनका 16 वर्षीय भतीजा घर के बाहर गली में बैठा हुआ था। इसी दौरान क्षेत्र का बदमाश अनीश उर्फ चुचू अपने एक नाबालिग साथी के साथ वहां पहुँचा। दोनों ने पुरानी किसी बात को लेकर नाबालिग के साथ विवाद शुरू कर दिया और उसे गालियां देने लगे। जब नाबालिग ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी अनीश भड़क गया। उसने पास रखी किसी नुकीली चीज से नाबालिग के गले के पास जोरदार हमला कर दिया। हमले में कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके गले से खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर फरियादी अजय, हर्ष मिश्रा और कृष्णा यादव बीच-बचाव करने दौड़े। उन्हें आता देख अनीश उर्फ चुचू और उसका साथी यह धमकी देते हुए भाग निकले किआइंदा हमारे रास्ते आए, तो जान से खत्म कर देंगे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से 69 हजार की ठगी

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक आरोपी ठग ने महिला को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे हजारों रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी प्रियंका कदम निवासी श्रद्धा श्री कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी मुलाकात बंटी खाटवा निवासी लसूडिया से हुई थी। आरोपी बंटी ने खुद को रसूखदार बताते हुए प्रियंका को एक प्रतिष्ठित संस्थान में अच्छी नौकरी दिलाने का लालच दिया। आरोपी ने प्रक्रिया और अन्य खर्चों के नाम पर धीरे-धीरे प्रियंका से कुल 69,000 रुपए ले लिए। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी प्रियंका को नौकरी नहीं मिली, तो उन्होंने अपने रुपए वापस मांगना शुरू किए। इस पर आरोपी टालमटोल करने लगा और बाद में अपना फोन बंद कर लिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने विजयनगर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। विजयनगर पुलिस ने फरियादी प्रियंका की शिकायत के आधार पर आरोपी बंटी खाटवा के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है।

## महिला से की मारपीट बचाने आए जीजा पर किया ईंट से हमला

**इन्दौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम बगोदा में पारिवारिक विवाद के चलते महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बचाव करने आए जीजा पर भी ईंट से हमला कर घायल कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक दुर्गाबाई (26) मायके से वापस ससुराल पहुंची थी, तभी पति उमेश और सास आशाबाई ने विवाद करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने महिला के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की और उसे पटक दिया, जिससे उसके सिर, कमर और हाथों में चोट आई। बीच बचाव करने आए जीजा अर्जुन कटारे पर भी उमेश ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे उनके माथे और आंख के पास चोट आई। घटना के दौरान मौजूद परिजनों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पति और सास के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मानव तस्करी की रोकथाम के लिए कार्यशाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मानव तस्करी के बदलते स्वरूप, उससे जुड़ी चुनौतियों एवं प्रभावी रोकथाम की रणनीतियों पर केंद्रित विशेष कार्यशाला का आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में किया गया। मानव तस्करी के बदलते रुझानः कानून प्रवर्तन की चुनौतियाँ एवं प्रतिक्रिया' विषय सहित इसके विभिन्न स्वरूपों पर भी परिचर्चा हुई। डॉ. पीएम नायर, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, प्रो. आशा शुक्ला, डॉ. किरणलता केरकेट्टा, आर.के.सिंह, राजेशमणि त्रिपाठी, सीमा अलावा, रुबिना मिजवानी की मौजूदगी में आयोजन हुआ। उदबोधन भी दिए गए।



## सहकारिता कार्यशाला में झांझरी का उद्बोधन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सहकारिता विभाग ने सहकारिता वर्ष के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया। एडवोकेट उन्नीत झांझरी ने सहकारिता से संबंधित कानून को बेबाकी से सरल भाषा में समझाया।

## लेन-देन विवाद में मजदूर से मारपीट

**इन्दौर।** मानपुर थाना क्षेत्र में पैसों के विवाद को लेकर एक मजदूर के साथ मारपीट और जातिसूचक अपमान का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक नाहरखेड़ी निवासी मुकेश पारगी (37) लखन जाट के सर्विस सेंटर पर काम से गया था। इसी दौरान राजा जाट और विजय जाट वहां पहुंचे और पुराने लेन-देन को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मुकेश का कॉलर पकड़ लिया और उसके साथ लात मुक्कों से मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने जातिसूचक गालियां भी दीं और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 150100 | 146800 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 234700 | 232300 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## भांजी ने मामा के चेहरे पर कांच से किया वार

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक रंजिश और घर में प्रवेश को लेकर उपजा विवाद इतना बढ़ गया कि भांजी ने अपने ही मामा के चेहरे पर कांच के टुकड़े से हमला कर दिया। इस हमले में मामा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उसकी भांजी और जीजा के खिलाफ जानलेवा हमले और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

हीरानगर पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे की है। फरियादी संतोष मीणा (50), निवासी परदेशीपुरा लालगली, खातीपुरा मेन रोड स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद उनके जीजा रमेशचंद मीणा और भांजी पूनम मीणा ने उन्हें रास्ता रोककर टोका। घर में घुसने की बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज में बदल गई। जब संतोष मीणा ने गालियों का विरोध किया, तो पिता रमेशचंद और उसकी बेटी पूनम ने मिलकर उन पर हाथ-मुक्कों से हमला बोल दिया। इसी बीच तैश में आकर भांजी पूनम ने पास पड़ा एक कांच का टुकड़ा उठाया और सीधे संतोष के चेहरे पर दे मारा। कांच लगने से संतोष के बाएं गाल पर गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के परिजनों और लोगों ने बीच-बचाव किया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।?हमला करने के बाद भी आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। जाते-जाते पूनम और रमेशचंद ने संतोष को दोबारा वहां आने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। घायल संतोष को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# महिला क्रिकेटरों, अंपायर, स्कोरर व चयनकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया

## एमपीसीए ने कोच चंद्रकांत पंडित का कार्यकाल दो साल बढ़ाया

**इंदौर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन अब भूतपूर्व महिला खिलाडियों को मासिक सहायता राशि प्रदान करेगा। इसके अलावा अंपायर, स्कोरर, चयनकर्ता को दिए जाने वाले मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है। एसोसिएशन की प्रबंध समिति ने इन सभी प्रस्तावों को अपनी मंजूरी दे दी। साथ ही चंद्रकांत पंडित को अगले दो वर्षों के लिए मध्य प्रदेश का निर्देशक – क्रिकेट नियुक्त किया गया।

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव सुधीर आसनानी ने बताया कि प्रबंध समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। महिला विश्व कप और न्यूजीलैंड के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय मैच के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

बैठक की शुरुवात में पिछली बैठक में हुई चर्चाओं के ब्योरे को मंजूरी दी गई। अध्यक्ष श्री महानआर्यमन सिंधिया ने फिर महिला खिलाडियों के लिए मासिक सहायता राशि देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि जिन खिलाडियों की बीसीसीआई से कोई सहायता नहीं मिलती है वे इस योजना में शामिल किए जाएँगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट और एक दिवसीय) खेल चुकी खिलाडियों को 12500 रुपये, और घरु क्रिकेट खेलने वाली खिलाडियों को उनके द्वारा खेले गए मैचों के आधार पर 6000 रुपये से 10000 रुपये की राशि दी जाएगी। 75 वर्ष की आयु के बाद इस राशि के अलावा 7500 रुपये अतिरिक्त दिए जाएँगे। इस योजना के लिए खिलाडियों को आवेदन देना होगा। इस प्रस्ताव को प्रबंध समिति ने अपनी सहमति दे दी। बैठक में यह भी तय किया गया कि अब चयनकर्ताओं, अंपायर और स्कोरर को मिलने वाला मानदेय बढाया जाए। इसके अलावा प्रशिक्षकों के मानदेय और प्रोत्साहन राशि में भी बढ़ोतरी की गयी है। पूर्व में जिन खिलाडियों और अंपायर को एसोसिएशन सहायता राशि दे रहा है उसे भी बढाया गया है।

बैठक में क्रिकेट विकास समिति , अंपायर समिति और स्पर्धा समिति के प्रस्तावों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अंपायर और स्कोरर के आंकलन की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। साथ ही पैनल में नए स्कोरर और अंपायर जोड़ने के लिए अगले सत्र के पूर्व परीक्षा ली जाएगी। मुरैना (चम्बल) और नर्मदापुरम स्थित एमपीसीए के मैदानों में पवेलियन ब्लाक बनाने की मंजूरी भी दी गई। योजना के अनुसार ये ब्लाक 2026-27 वित्तीय वर्ष में बन जाएँगे। एसोसिएशन अपने सभी मैदानों पर क्रिकेट अकादमी बनाने की योजना भी तैयार कर उसका शीघ्र कार्यान्वयन करेगा।

दो घंटे से ऊपर चली इस बैठक एसोसिएशन के कार्य में सुधार लाने और संभागो के साथ बेहतर समन्वय के लिए आधुनिक तकनीक के प्रयोग की सम्भावना पर भी चर्चा की गयी, साथ की अगले सत्र से संभागीय मैचों में ऑन-लाइन स्कोरिंग व्यवस्था लागू करने पर भी विचार किया गया।



## एमवायसीसी की आकर्षक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में इंदौर कोल्टस द्वारा आयोजित परमदीप सिंह पठानिया स्मृति अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमवायसीसी एवं एसबीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसबीसीए ने पहले खेलते हुए 32 ओवरो में 81 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये और एमवायसीसी के समक्ष 82 रनों का लक्ष्य रखा । अंश लोधी ने 4 विकेट एवं तरूण जैन ने 3 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम ने 21 ओवरो में 2 विकेट खोकर 83 रन बना लिये और यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । अभिनव सिंह चैहान ने नाबाद 40 रन एवं आरव पाल ने नाबाद 25 रन बनाये ।

## अंडर 17 राज्यस्तरीय कुश्ती सागर में आयोजित होगी। 12 व 13 अप्रैल को।

**इंदौर।** अंडर 17 राज्यस्तरीय कुश्ती सागर में 12 व 13 अप्रैल को आयोजित होगी। कुश्ती प्रतियोगिता के चयन हेतु समिति बनाई गई हैं। जिसमें ओलम्पियन पप्पू यादव, विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जबलपुर के उमाशंकर पटेल, उज्जैन के विजय चौधरी, गोविंद गुज्जर, विकास यादव, सागर के आनन्द विश्वकर्मा, मनीष यादव लिये गये हैं। पहलवानों को अपने सभी ओरिजनल जन्मप्रमाण साथ लाना हैं, कुश्तियां दो दिन 12 व 13 अप्रैल को होगी। राज्य स्पर्धा में जीतने वाले राष्ट्रीय कुश्ती में क्षत्रपति सम्भजी नगर महाराष्ट्र जायेगे।

# देवांश, मानव, शिवराज, संरचना, सान्वी, सारा सेमीफाइनल में पहुंचे



**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट के बालक एकल वर्ग में शीर्ष क्रम के देवांश कंबोज, दूसरी वरीयता प्राप्त मानव पटेल, चौथी वरीयता प्राप्त एस. शिवराज व प्रयाग पटेल तथा बालिका एकल में शीर्ष क्रम की पी. वट्टाप्रम्बिल, चौथी वरीयता प्राप्त संरचना दास, पांचवी वरीयता प्राप्त सारा फेंगसे व सान्वी मोहन ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। म.प्र. के वैदेही शिंदे का सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया।

इंदौर टेनिस क्लब में इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट के बालक एकल के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष क्रम के देवांश कंबोज ने के. रघुवंशी को आसानी से 6-4, 6-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त मानव पटेल ने थोडे संघर्ष के बाद लोकेश एलपीएस ने 7-5, 6-3 से मात देकर सेमीफाइनल में अपनी उपस्थिति दर्ज की। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त एस शिवराज ने आरीश दलवी को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से पराजित किया। अंतिम क्वार्टर फाइनल में उलटफेर देखने को मिला। गैर वरीयता प्राप्त प्रयाग पटेल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणव गायकवाड़ को रोचक मुकाबले में 7-5, 6-1 से पराजित किया।

बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रथम क्रम की पी. वट्टाप्रम्बिल ने आठवीं वरीयता प्राप्त अवदी पूनागपति को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-0, 3-6, 6-3 से मात दी। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त संरचना दास ने म.प्र. की वैदेही शिंदो को 6-2, 6-2 से हराकर पदक की दौड़ से बाहर कर दिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सारा फेंगसे ने भी उलटफेर करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त एस. सूर्यवंशी को 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं गैरवरीयता प्राप्त सान्वी मोहन ने पाचवीं वरीयता प्राप्त रिया जोदभावी को 0-6, 6-0, 7-6(5) से हराकर उलटफेर किया और अंतिम चार में जगह बनाई। यह मुकाबला काफी रोचक रहा और काफी लंबा भी चला।

बालक युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त दांश कंबोज और प्रणव गायकवाड़ ने मुथु जयंथ व आरवी गुप्ता को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त मानव पटेल व प्रयाग पटेलने हिरार्थ सुराणा व मिरेश गिरधानी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम मुकाबले में जगह बनाई।

# इंदौर की गुनिका ने बेंगलुरु में जीता राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो में स्वर्ण

### एशियन पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा हेतु भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व

**इंदौर ।** बेंगलुरु में हुई चौथी राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में इंदौर की गुनिका शर्मा ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अब वे एशियन पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा हेतु भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। साहस और सटीकता की बदौलत गुनिका शर्मा ने नेशनल पैरा ताइक्वांडो में स्वर्ण हासिल किया।

मात्र तीन वर्ष की आयु में मेड्युलोब्लास्टोमा (ब्रेन ट्यूमर) जैसी दुर्लभ बीमारी से जूझने वाली द मिलेनियम इंदौर की पूर्व छात्रा गुनिका शर्मा ने अपनी अटूट इच्छाशक्ति से इतिहास रच दिया है। 2009 के उस कठिन दौर के बाद, जहां उनके जीवित रहने की संभावना बेहद कम थी, गुनिका ने 55 प्रतिशत शारीरिक



अक्षमता और पूर्ण हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसी चुनौतियों को पार करते हुए खुद को एक उत्कृष्ट एथलीट बनाया। नेशनल पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पी-35 पूमसे इवेंट में उन्होंने अपनी तकनीक, संतुलन और एकाग्रता का ऐसा शानदार प्रदर्शन किया कि निर्णायकों को प्रभावित करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गुनिका ने अपनी शारीरिक सीमाओं और रीढ़ की हड्डी की विकृति के बावजूद मैट पर जो सटीकता दिखाई, वह उनकी वर्षों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने साबित कर दिया कि पूमसे की हर मुद्रा में उनकी वही दृढ़ता झलकती है जिसने कभी कैंसर को मात दी थी। यह जीत न केवल उनके लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि अब उन्हें एशियन चैंपियनशिप के बड़े मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी दिलाएगी। उनकी यह सफलता उन सभी के लिए एक जीवंत संदेश है कि मानसिक शक्ति के आगे कोई भी शारीरिक बाधा टिक नहीं सकती। अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी सपना शर्मा ने भी चौथी बार पी-50 व्हीलचेयर पुमसे में स्वर्ण पदक प्राप्त कर इंदौर ही नहीं पूरे मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

सपना एवं गुनिका ने पैरा ताइक्वांडो की ट्रेनिंग मिथिलेश कैमरे के अंडर में की है जो एक इंटरनेशनल कोच है और भारत का प्रतिनिधित्व बहरीन में करने वाले पेरा ताइक्वांडो दल का नेतृत्व कर चुके हैं। मध्य प्रदेश पैरा ताइक्वांडो संघ के सभी पदाधिकारी ने खिलाड़ी एवं कोच को बधाई दी है।

## रिसोर्ट में बुलाकर ब्लैकमेलिंग का खेल, दो महिलाओं सहित तीन पर केस दर्ज

इन्दौर। पर्यटन स्थल पातालपानी क्षेत्र के एक रिसोर्ट में युवक को जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। इंदौर निवासी दो महिलाओं और उनके एक साथी ने मिलकर फरियादी को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और अवैध रूप से दो लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने महू निवासी युवक की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। बड़गोदा पुलिस के अनुसार, फरियादी दीपक सिंह रावत निवासी महू ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी भावना, साधना गुप्ता और विजय तिलवारी सभी निवासी इंदौर ने मिलकर उनके खिलाफ साजिश रची। यह पूरी घटना ग्राम कैलोद स्थित बेरछा रोड पर स्थित 'रेनबो रिसोर्ट होटल' में अंजाम दी गई। फरियादी का आरोप है कि आरोपियों ने उसे होटल में बुलाकर पहले किसी बात में उलझाया और फिर उसे डराया-धमकाया गया। आरोपियों ने उसे बदनाम करने और किसी गंभीर मामले में फंसाने की धमकी देते हुए दो लाख रुपये की अवैध मांग की। जब फरियादी को अहसास हुआ कि वह एक संगठित गिरोह के जाल में फंस गया है, तो उसने हिम्मत दिखाकर पुलिस की शरण ली।

## बिजासन टेकरी की झाड़ियों में लगी आग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बीती रात बिजासन टेकरी पर खाली मैदान की झाड़ियों में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग पेड़-पौधों में फैलने लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दमकले मौके पर पहुंची और करीब 10 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग को बुझाया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मार्कशीट में मेरा नाम **योगेश कुमार वर्मा** दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम **योगेश लोहार** है और सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेज में मेरा नाम **योगेश लोहार** दर्ज है। भविष्य में अब मुझे **योगेश लोहार** के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**योगेश लोहार**
**278 सिल्वर स्टार सिटी**
**सिलीकान सिटी राऊ इन्दौर**

# 140 रन बनाकर दबाव नहीं डाल सकते : पंत

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की है। मैच में टॉस जीतकर दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था, जो सही साबित हुआ। दिल्ली की गेंदबाजी यूनिट ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए लखनऊ की टीम को 141 के स्कोर पर 19वें ओवर में समेट दिया। 142 रनों के मामूली से लक्ष्य को प्राप्त करने में दिल्ली कैपिटल्स को थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अंत में स्टब्स और समीर रिजवी की शानदार बैटिंग की मदद से 17वें ओवर में ही मुकाबला जीतने में सफल रहे।

आईपीएल 2026 के शुरुआती मैच में हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा है कि हमने जिस तरह से बल्लेबाजी की हम लंबे समय तक कोई साझेदारी नहीं बना पाए। हमें एक ऐसे बल्लेबाज को लाना पड़ा जो थोड़ी बहुत गेंदबाजी भी कर सके। और यही वह विकल्प था जिसे हमें इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में चुनना पड़ा क्योंकि अच्छी पिच पर हमारे रन कम पड़ रहे थे। उन्होंने बैटिंग ऑर्डर में आयुष बडोनी को निकोलस पूरन से पहले भेजने के सवाल पर कहा कि मुझे लगता है कि




विचार बहुत सरल था। जैसे कि वह बीच के ओवरों में कमान संभालेंगे। वह अब शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी नहीं कर रहे हैं क्योंकि मैं ऊपर बल्लेबाजी कर रहा हूं। और यही कारण है कि हम शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के और दाएं हाथ के बल्लेबाज के विकल्प को आजमाना चाहते थे ताकि वे बाएं हाथ के स्पिनर से गेंदबाजी ना करवा सकें।

ऋषभ पंत ने अपने गेंदबाजी आक्रमण पर बात करते हुए कहा कि जब आप 140 रन बनाते हैं तो आप वास्तव में विपक्षी टीम पर दबाव नहीं डाल सकते, खासकर इस तरह की अच्छी विकेट पर। लेकिन एक सकारात्मक बात यह है कि लड़कों ने कड़ी मेहनत की, जिस तरह से हमने गेंदबाजी की खासकर जिस तरह से हमने शुरुआत की निश्चित रूप से आगे के सीजन के लिए कुछ अच्छे संकेत हैं। उन्होंने 20 एक्स्ट्रा रन देने पर अपनी बात रखते हुए कहा देखिए, निश्चित रूप से अतिरिक्त रन चुभेंगे, लेकिन साथ ही आप जानते हैं जब इस तरह की विकेट होती है, तो आप बहुत ज्यादा कोशिश कर रहे होते हैं, खासकर 140 जैसे स्कोर पर जहां आपको उन्हें आउट करना ही होता है क्योंकि अगर वे सामान्य क्रिकेट भी खेलते हैं, तो वे बच सकते हैं। लेकिन कुछ अतिरिक्त महत्वपूर्ण विकेट शुरुआत में ही उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया गया।

क्या ऋषभ पंत अगले भी मैच में ओपनिंग करेंगे इस सवाल का जवाब देते हुए पंत ने कहा कि मुझे लगता है कि यह 50-50 चांस है लेकिन देखते हैं। हालांकि उन्होंने यह संकेत जरूर दिए कि वे टॉप आर्डर में ही बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। उन्होंने कहा लेकिन मुझे तो टॉप ऑर्डर में जरूर देखना।

# सुनील और वरुण अब भी एक बड़ा खतरा, एसआरएच रहेंगे सतर्क

### आज कोलकाता में केकेआर और एसआरएच के बीच मुकाबला

**कोलकाता।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कोलकाता नाइट राइडर्स की गेंदबाजी में खराब शुरुआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती अब भी एक बड़ा खतरा हैं और आज यहां होने वाले आईपीएल मैच में उनके खिलाफ 'जंग' बहुत अहम होगी।

फरवरी में टी20 विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने चक्रवर्ती की जमकर धुनाई की थी जिसके बाद से वह अपनी लय खो बैठे। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले मैच में भी वह विकेट लेने में नाकाम रहे और उनकी गेंदबाजी काफी साधारण दिखी। नारायण भी



अपनी पुरानी धार हासिल नहीं कर पाए हैं। वानखेड़े स्टेडियम में इन दोनों स्पिनरों की जमकर पिटाई हुई थी जिसके चलते नाइट राइडर्स की टीम 220 रन के स्कोर का भी बचाव नहीं कर पाई और उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। केकेआर की तेज गेंदबाजी भी काफी कमजोर नजर आ रही है। हर्षित राणा और आकाश दीप चोट के कारण बाहर हैं जबकि मथीशा पथिराना अब भी फिटनेस स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में जब टीम अपने घरेलू मैदान पर लौट रही है तो एक बार फिर उसकी सारी उम्मीदें इन दोनों स्पिनरों पर ही टिकी होंगी।

मैच से पहले संवाददाताओं से बातचीत करते हुए विटोरी ने कहा, नाइट राइडर्स के स्पिनरों की बात करें तो मुझे लगता है कि उनके प्रति हमारे मन में बहुत सम्मान है। उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी और अपने देश के लिए जो कुछ भी किया है वह काबिले तारीफ है। इसलिए भले ही पिछले मैच में उनका दिन अच्छा नहीं रहा हो हम उन्हें किसी भी हाल में हल्के में नहीं लेंगे । उन्होंने कहा, उन्होंने बार-बार खुद को साबित किया है, खासकर इस मैदान पर। इसलिए कल इन दोनों स्पिनरों के खिलाफ होने वाली जंग इस मैच का एक अहम पहलू होगी।

# अर्जुन ने कहा इस सीजन खेलने को मिलता है तो हर मैच खेलना चाहेंगे

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी अर्जुन ने कहा है कि वह गेम को अपना बेस्ट देने पर फोकस रखते हैं और अपने सफर पर ईमानदारी से चलना चाहते हैं।




हालांकि उनको भारतीय टीम में जगह बनाने को लेकर अभी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। ऑलराउंडर ने कहा है कि अगर उन्हें इस सीजन खेलने का मौका मिलता है तो वह हर मैच खेलना चाहेंगे। अर्जुन तेंदुलकर ने अपना आइडल युवराज सिंह को बताया है। अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई इंडियंस से लखनऊ सुपर जायंट्स में 30 लाख रुपये में ट्रेड किया गया था।

अर्जुन तेंदुलकर से इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि वह अगले पांच वर्षों में किस रूप में पहचाना जाना पसंद करेंगे, भारत के लिए खेलना, आईपीएल का स्टार बनकर या या बस एक ऐसा इंसान जो खेल में अपना सब कुछ झोंकते हुए संतोष के साथ अपना जीवन जी रहा हो, इस पर उन्होंने कहा, आखिरी वाला विकल्प खुद खुश रहना, बिना किसी को चोट पहुंचाए या नुकसान किए, और एक ईमानदार जीवन जीना। अर्जुन तेंदुलकर को 2021 में मुंबई इंडियंस ने अपनी टीम में शामिल किया था। वह 2025 तक टीम का हिस्सा रहे थे। हालांकि मुंबई की टीम में उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। जब उनसे पूछा गया कि क्या मुंबई इंडियंस में गेंद से अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले, क्या उन्हें लगता है कि उन्हें अधिक अवसर मिलने चाहिए थे, अर्जुन ने कहा, कौन नहीं चाहता? कोई भी बेंच पर बैठना नहीं चाहता। लेकिन हम कड़ी मेहनत करना चाहते हैं और जब भी मौका मिलता है, तब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे और क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर ने मार्च में उद्यमी सानिया चंडोक के साथ मुंबई के द सेंट रेजिस मुंबई में भव्य समारोह में विवाह किया। इस हाई-प्रोफाइल शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं थी।

# पांच मैचों के बाद इस खिलाड़ी के सिर सजी ऑरेंज कैप




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का आगाज धमाकादेर अंदाज में हो गया है। सभी टीमों ने अपना-अपना पहला मुकाबला खेल लिया है। राजस्थान रॉयल्स, रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने जहां जीत के साथ अपना खाता खोला है। वहीं गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स को अपने-अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा है। सभी 10 टीमों ने अपना-अपना पहला मैच खेल लिया है तो ऑरेंज कैप भी मैदान पर उतर चुकी है। आईए जानते हैं सीजन-19 की पहली ऑरेंज कैप किसके सिर सजी-

### रयान रिकेल्टन के सिर सजी ऑरेंज कैप

मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन के सिर आईपीएल 2026 की पहली ऑरेंज कैप सजी है। रिकेल्टन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की पहली जीत में अहम भूमिका निभाई थी। 13 साल बाद एमआई आईपीएल सीजन का पहला मैच जीतने में कामयाब रही थी। उन्होंने केकेआर को 6 विकेट से रौंदा था। इस मैच में रयान रिकेल्टन ने 81 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसमें 4 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के लगाए थे।

### ईशान किशन 1 रन से चूके

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ऑरेंज कैप से मात्र 1 रन से चूक गए। आईपीएल 2026 के ओपनिंग मुकाबले में हैदराबाद की भिड़ंत डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुई थी। इस मैच में आरसीबी ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। ईशान किशन ने इस मैच में 38 गेंदों पर 8 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रनों की धुआंधार पारी खेली थी। ईशान किशन की इस पारी के दम पर एसआरएच ने 201 रन बोर्ड पर लगाए थे, इसके बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

आईपीएल 2026 ऑरेंज कैप की टॉप-5 की लिस्ट में तीन भारतीय हैं। ईशान किशन के अलावा यहां मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स से समीर रिजवी भी हैं। समीर ने लखनऊ के खिलाफ 70 रनों की शानदार पारी खेल अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनकी इस पारी की वजह से विराट कोहली टॉप-5 से बाहर हो गए हैं। कोहली ने पहले मैच में 69 रन बनाए थे।

# कार का गेट खुलने से उपजा विवाद दो भाइयों की सरेराह पिटाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**हीरानगर थाना क्षेत्र में सड़क पर वाहन चलाने के दौरान उपजे मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शक्कर खेड़ी इलाके में कार का दरवाजा अचानक खुलने से हुई हल्की टक्कर के बाद दो युवकों ने लोडिंग वाहन चालक और उसके भाई के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

हीरानगर पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार दोपहर करीब 2:20 बजे की है। फरियादी विकास केवट (24), निवासी शक्कर खेड़ी, अपने भाई चंद्रपाल के साथ 407 लोडिंग वाहन लेकर घर की ओर जा रहे थे। रास्ते में साइड में एक कार खड़ी थी। जैसे ही विकास का वाहन कार के पास पहुँचा, अचानक कार के कंडक्टर साइड का दरवाजा खुल गया। इससे लोडिंग वाहन और कार के दरवाजे में हल्की टक्कर हो गई और कार को थोड़ा नुकसान पहुँचा।

### गाली-गलौज के बाद थप्पड़-मुक्कों से हमला

टक्कर होते ही कार में सवार सलमान और अरबाज नीचे उतरे और आव देखा न ताव, विकास को गालियां देना शुरू कर दिया। जब विकास और उसके भाई चंद्रपाल ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो दोनों आरोपी उग्र हो गए। उन्होंने दोनों भाइयों के साथ सरेराह थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म सच्चाई सामने आने पर दी बदनाम करने की धमकी

**इन्दौर, (सिटी ब्लास्ट)। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी पहले से शादीशुदा निकला, जिसके बाद युवती ने शादी से इनकार किया तो उसे बदनाम करने की धमकी दी गई।**

पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय युवती की शिकायत पर विशाल उर्फ सोनू ठाकुर निवासी ठीकरी जिला बड़वानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। बाद में युवती को पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। सच्चाई सामने आने पर जब युवती ने शादी से मना किया तो आरोपी ने उसे बदनाम करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कंटेनर से तेल के डिब्बे और कार्टन चोरी

**इन्दौर।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र में खड़े कंटेनर ट्रक से खाद्य तेल चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाश ट्रक से बड़ी मात्रा में तेल के डिब्बे और कार्टन चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार हरियाणा निवासी ट्रक चालक बिजेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि इंदौर देवास रोड स्थित डकाच्या गांव में मेरिको लिमिटेड के गोदाम के बाहर खड़े उसके कंटेनर से बदमाशों ने 15 लीटर के 25 डिब्बे और 1-1 लीटर के पाउच वाले 5 कार्टन चोरी कर लिए। घटना देर रात से सुबह के बीच की बताई जा रही है।





## अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़ी, दो चोटिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रात करीब 2 बजे एमआर-10 ब्रिज पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना के बाद कार में बैठे दो लोग घायल हो गए, उन्हें सिर और अन्य जगह पर चोट लगी है। बताया जा रहा है कि कार क्रमांक एमपी-04 सीक्यू-9701 एमआर-10 ब्रिज पर चढ़ रही थी तभी चालक ने संतुलन खो दिया कार डिवाइडर से टकरा गई। कार कमर्शियल टैक्सी के रूप में उपयोग की जा रही थी। उसमें बैठी सवारियां घायल हुई है। क़ार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# बदमाशों ने तीन बाइक को किया आग के हवाले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन कॉलोनी में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिलों में शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आगजनी की इस घटना में दोनों वाहन बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना के बाद से रहवासियों में डर और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, घटना वृंदावन कॉलोनी की है जहाँ रात के अंधेरे में किसी अज्ञात व्यक्ति ने इस वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पहले खड़ी बाइक की टंकी से पेट्रोल निकाला और फिर उन्हीं के ऊपर छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटें देख आसपास के लोग जमा हो गए, लेकिन तब तक गाड़ियां काफी हद तक जल चुकी थीं। आगजनी की इस घटना में एक मोटरसाइकिल भागवत राव की और दूसरी प्रेमसिंह कीर की बताई जा रही है। दोनों ही वाहन मालिकों ने सुबह जब अपनी गाड़ियों की हालत देखी, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। आग इतनी भीषण थी कि वाहनों के टायर और प्लास्टिक के हिस्से पूरी तरह पिघल गए। रिहायशी इलाके में हुई इस तरह की घटना से कॉलोनी के लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। सूचना मिलने पर बाणगंगा पुलिस मौके पर पहुँची और मौका मुआयना किया। पुलिस अब कॉलोनी और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि पेट्रोल निकालकर आग लगाने वाले सनकी बदमाश की पहचान की जा सके।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बीती रात शरारती तत्वों या अज्ञात कारणों से एक खड़ी मोटरसाइकिल में भीषण आग लग गई। लिंबोदी गेट के ठीक सामने हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जब तक आसपास के लोग और पुलिस कुछ कर पाते, तब तक गाड़ी पूरी तरह जलकर लोहे का कंकाल बन चुकी थी।

पुलिस के मुताबिक, आगजनी की यह वारदात तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लिंबोदी गेट के सामने हुई। रात करीब 1:30 बजे अचानक एक खड़ी बाइक से आग की लपटें उठने लगीं। सुनसान सड़क पर आग की ऊंची लपटें देखकर राहगीरों और आसपास के रहवासियों ने शोर मचाया। सूचना मिलते ही तेजाजी नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते पूरी बाइक उसकी चपेट में आ गई। जब तक आग पर काबू पाया गया, मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।

## घर जा रही नाबालिग से छेड़छाड़

### विरोध करने पर बेरहमी से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। ईंट भट्टे से घर लौट रही बालिका को पड़ोस में रहने वाले युवक ने रास्ते में रोककर बदतमीजी की और शोर मचाने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, 14 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि घटना वाले दिन वह अपने पिता के साथ ईंट भट्टे पर थी। दोपहर में उसके पिता ने उसे घर पर खाना बनाने के लिए भेजा था। जब वह अकेली अपने घर की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में उसे पड़ोस में रहने वाला गोलू अहिरवार निवासी भांगिया मिला। किशोरी का आरोप है कि गोलू ने उसे सुनसान रास्ते पर अकेला देख बुरी नीयत से उसका दाहिना हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। जब पीड़िता ने खुद को छुड़ाने की कोशिश की और चिल्लाई, तो आरोपी उग्र हो गया। आरोपी गोलू ने किशोरी का मुंह दबा दिया और उसके चेहरे पर जोरदार थप्पड़ जड़ दिए। मारपीट के कारण बालिका के होंठ पर चोट आई और खून निकलने लगा।

## फर्जी अश्लील वीडियो वायरल कर युवती को बदनाम किया, आईटी एक्ट में केस

**इन्दौर।** मानपुर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर फर्जी अश्लील वीडियो वायरल कर एक युवती को बदनाम करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती की छवि खराब करने के लिए दूसरी लड़की का वीडियो उसके नाम से फैलाया। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पंकज यादव निवासी मतलबपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी ने इंस्टाग्राम की फर्जी आईडी बनाकर पहले युवती के बारे में आपत्तिजनक चैटिंग की और बाद में उसके नाम से अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। घटना के बाद पति ने भी युवती पर संदेह कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने सबूत के तौर पर वीडियो और चैट के स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंपे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर परिवार पर डंडों से हमला, युवती से छेड़छाड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित नंदा नगर में पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहाँ एक परिवार के घर में घुसकर तीन आरोपियों ने जमकर उत्पात मचाया और लात-घूंसों व डंडों से हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने घर की महिलाओं के साथ अभद्रता और युवती के साथ छेड़छाड़ भी की। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, घटना नंदा नगर क्षेत्र की है। 47 वर्षीय फरियादी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी क्षेत्र के रहने वाले आरोपी राहुल कुशवाह, ऋतिक कुशवाह और पार्वती कुशवाह अचानक उनके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने पुराने किसी विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब फरियादी ने इसका विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उन पर लात-घूंसों और डंडों से हमला बोल दिया।

### महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्रता

चीख-पुकार सुनकर जब फरियादी की बेटी और बहन बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। हमलावरों ने उन पर भी डंडों से वार किए, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने फरियादी की बहन के साथ झूमाझटकी की और उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर उसकी मर्यादा को ठेस पहुँचाई। पीड़ित परिवार ने जब हिम्मत दिखाकर आरोपियों के हाथ से हमला करने वाला डंडा छीन लिया, तो पकड़े जाने के डर से तीनों आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने पूरे परिवार को धमकी दी कि आइंदा हमसे उलझे, तो जान से खत्म कर देंगे।पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी राहुल, ऋतिक और पार्वती कुशवाह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।